हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

10 सितम्बर, 2003

खण्ड-2, अंक-2

अधिकृत विवरण

विषय सूची

बुधवार, 10 सितम्बर, 2003

	पृष्ठ संख्या
अति विशिष्ट व्यक्ति का स्वागत	(2)1
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(2)1
वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मल्लाह, जिला पंचकूला के विद्यार्थियों का स्वागत	(2)7
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)	(2)7
नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(2)18
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(2)22
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव— गन्ना उत्पादकों के बकाया संबंधी	(2)45
वाक-आउट	(2)47
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव— गन्ना उत्पादकों के बकाया संबंधी (पुनरारम्भ)	(2)47
वाक-आउट	(2)51
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव— गन्ना उत्पादकों के बकाया संबंधी (पुनरारम्भ)	(2)52
सदस्य का नाम लेना	(2)52
वक्तव्य— कृषि मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी	(2)52
वाक-आउट	(2)61
वक्तव्य— कृषि मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी (पुनरारम्भ)	(2)61

मूल्य : 81

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव—	(2)63
हरियाणा में एड्स के फैलने संबंधी	(2)64
वक्तव्य—	
स्वास्थ्य राज्य मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण संबंधी	(2)68
नियम 15 के अधीन प्रस्ताव	(2)69
नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(2)69
वाक-आउट	(2)70
सदन की मेज पर रखे गए कागज-पत्र	(2)70
विधान कार्य—	
(i) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 3) बिल, 2003	(2)70
(ii) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 4) बिल, 2003	(2)72
(iii) दि हरियाणा म्युनिसिपल कारपोरेशन (सैकिंड अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)73
(iv) दि हरियाणा लोकल एरिया डिवल्पमैंट टैक्स (अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)74
(v) पंजाब एन्टरटेनमैंटस डयूटी (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)76
(vi) दि हरियाणा अर्बन डिवैल्पमैंट अथोरिटी (अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)77
(vii) दि पंजाब शिडयूल्ड रोडज एंड कंट्रोल्ड एरियाज रिस्ट्रिक्शन ऑफ अनरैगुलेटिड डिवैल्पमैंट (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)79
(viii) दि पंजाब न्यू कैपिटल (पैरीफेरी) (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2003	(2)80
(ix) दि हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स बिल, 2003	(2)82
(x) दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैम्बली (फैसिलिटीज टू मैम्बर्ज) अमैंडमैंट बिल, 2003	(2)83

हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 10 सितम्बर, 2003

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हॉल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रात: 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री सतबीर सिंह कादियान) ने अध्यक्षता की।

अति विशिष्ट व्यक्ति का स्वागत

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सबसे पहले मैं पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरनाम दास जौहर का विधान सभा की कार्यवाही देखने आने के लिए स्वागत करता हूँ।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष : ऑनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल-जवाब होंगे।

Augmentation of Water Supply Scheme

***1480. Sh. Bhagi Ram :** Will the Chief Minister be pleased to state the number of towns in the State in which water supply schemes have been augmented and commissioned during the year 2002-2003, 2003-2004 till date ?

मुख्य संसदीय सचिव (श्री राम पाल माजरा) : श्रीमान जी, वर्ष 2002-2003 और 2003-2004 में अब तक नौ शहरों क्रमश: तावडू रतिया, इन्द्री, नूंह, फिरोजपुर झिरका, हेली मण्डी, नारायणगढ़, सोनीपत व भिवानी की जल सप्लाई योजनाओं में वृद्धि करके चालू कर दी गई हैं।

श्री भागी राम : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि हरियाणा में अब कितने ऐसे गांव बाकी हैं जहां पर पानी की सुविधा पूरी तरह से नहीं है। दूसरा मेरा इनसे सवाल यह भी है कि हरियाणा के कितने ऐसे गांव हैं जिनमें 70 लिटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन देने की व्यवस्था है ?

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, वैसे तो मेरे माननीय साथी श्री भागी राम जी का मूल प्रश्न शहरों से सम्बन्धित है। इनका प्रश्न विशेष तौर पर शहरों पर ही इंगित है। फिर भी मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि हरियाणा प्रदेश में जिन गांवों में तीस लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम पानी दिया जा रहा है वह 490 गांव हैं और जिन गांवों में पानी तीस लिटर से 39 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दिया जा रहा है वह 1623 गांव हैं। इसी तरह से चालीस लिटर से पचपन लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से जिन गांवों को पानी दिया जा रहा है उनकी संख्या 3219 है और ऐसे ही 56 लिटर से 70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से जिन गांवों को पानी दिया जा रहा है उनकी संख्या 1427 है इस तरह

[श्री राम पाल माजरा]

से कुल मिलाकर 6759 गांव हैं। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने यह पूछा है कि कितने गांव ऐसे हैं जहां पानी नहीं है। स्पीकर सर, पानी तो है लेकिन तीस लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम जहां पर पानी दिया जा रहा है वह 490 गांव हैं।

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, मेरे हल्के बेरी में एक सिवाना गांव है इस गांव में आज भी दूसरे जिलों के हिसाब से बहुत कम पानी दिया जा रहा है। वहां पर एक भटका प्रति व्यक्ति के हिसाब से रोजाना पानी दिया जा रहा है। इस प्रकार से वहां पर बहुत कम वाटर सप्लाई है।

श्री अध्यक्ष : कादियान साहब, एक-एक गांव का जवाब देना फिजीकली संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए आप बैठें।

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, सिवाना गांव ऐसा है जहां पर बहुत कम वाटर सप्लाई दी जा रही है। यह बहुत सीरियस मामला है। मंत्री जी बताएं कि क्या वहां पर समुचित वाटर सप्लाई की व्यवस्था करवायी जाएगी?

श्री भगवान सहाय रावत : अध्यक्ष महोदय, सी०पी०एस० महोदय ने पीने के पानी के बारे कस्बों के साथ-साथ गांवों की संख्या भी विस्तार से बतायी है। हरियाणा सरकार की एक रैनीवैल योजना है जो 405 करोड़ रुपये की है। यह योजना विशेष कर तावडू, नूंह और फिरोजपुर झिरका से भी संबंधित है। स्पीकर सर, हरियाणा सरकार प्राथमिकता के आधार पर जो पेयजल की सुविधा प्रदान कर रही है उससे मैं समझता हूँ कि सारे गांवों और विशेष रूप से मेवात के इलाके में पीने के पानी की सुविधा लोगों को मिल सकेगी। क्या सी०पी०एस० महोदय रैनीवैल योजना के बारे में बताने का कष्ट करेंगे?

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, जहां तक शहरों का प्रश्न है, माननीय साथी ने नूंह, सोहना, फिरोजपुर झिरका की बात की है स्पीकर सर, हरियाणा प्रदेश में नोटीफाईड और डी-नोटीफाईड जो शहर इंगित किये गये हैं वह कुल मिलाकर 68 हैं और इन 68 शहरों के अंदर जहां-जहां पर पीने के पानी की आपूर्ति कम है उसको बढ़ाने के लिए प्रयास किये गये हैं। जहां तक माननीय साथी ने रैनीवैल स्कीम के बारे में कहा है वह स्कीम कार्यान्वित की जा रही है वह विशेषकर मेवात के इलाके के लिए की गई है। जहां तक डॉ० रघुबीर सिंह कादियान जी ने सिवाना के बारे में कहा है यह बात उनकी ठीक है। वहां प्राइवेट ऑपरेटर्ज भी हैं उनसे भी पानी लोग लेते हैं। लोगों को जहां से सुविधा मिलती है वहां से पानी लेते हैं। यह ठीक है कि उस गांव में पीने के पानी की समस्या है लेकिन उसको टेकअप किया जा रहा है इसके लिए रघुबीर सिंह कादियान जी अलग से नोटिस दें उनके सवाल का जवाब दे दिया जाएगा। माननीय सदस्य श्री भागी राम जी का तो यह क्वैश्चन था कि इतने समय में किन-किन शहरों में पानी की आपूर्ति बढ़ाई गई है। (शोर)

श्री अध्यक्ष : रघुबीर सिंह कादियान जी, आप बैठ जाइए। यह क्वैश्चन ऑवर है।

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का जवाब नहीं आया है।****

श्री अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। रघुबीर सिंह कादियान की कोई बात रिकॉर्ड न की जाए।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

(शोर एवं व्यवधान) आप बैठ जाइए।

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, क्वैश्चन ऑवर में भी वे बिना अनुमति के खड़े हो जाते हैं। इस तरह से ठीक नहीं है।

श्री अध्यक्ष : कादियान साहब, आप बैठ जाइए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री राम पाल माजरा : अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा था कि रघुबीर सिंह कादियान की सप्लीमैंट्री इस सवाल से रिलेटिड नहीं है। रघुबीर सिंह जी को यदि उस गांव की इतनी ही चिंता थी तो ये प्रश्न लिखकर देते हम उसका रिप्लाई दे देते।

श्री भागी राम : अध्यक्ष महोदय, वैसे तो मेरा जो क्वैश्चन था उसका इन्होंने सही जवाब दे दिया है। मंत्री महोदय बड़े काबिल हैं और पूरी जानकारी रखते हैं इसलिए मैं इनसे पूछना चाहूँगा कि जब गांवों और शहरों में वाटर वर्क्स लगे थे उस टाइम की जो स्कीम थी उसके हिसाब से 4 इंच की पाइप लाइन डाली गई थी। उस समय जब वाटर वर्क्स लगाए गए तो यह तय हो गया था कि इस फिरनी में 15 प्वाइंट लगाएंगे, इस फिरनी में 20 प्वाइंट लगाएंगे और उनमें पानी चलेगा। चार इंच के पाइप 20 कनैक्शन दे सकते थे और वर्तमान में हालत यह हो गई है कि उसमें 70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन या 50 से 60 लिटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन पानी देने की योजना है तो क्या जो वह सारे के सारे चार इंच के पाइप हैं उनको बदलकर 6 या 8 इंच के पाइप फिरनियों में दबाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?

श्री राम पाल माजरा : अध्यक्ष महोदय, वाटर वर्क्स को ऑगमैंट करके जनसंख्या के आधार पर वाटर सप्लाई की वृद्धि भी की जाती है। जिस प्रकार से माननीय सदस्य श्री भागी राम जी ने कहा है पहले जब वाटर वर्क्स लगाए गए थे उस समय वाटर सप्लाई के लिए थोड़ी छोटी और भीड़ी पाइप लाइनें दबायी गयी थी। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूँगा कि जब मांग बढ़ती है उसके मुताबिक नये सिरे से नयी और चौड़ी पाइप लाइनें बिछाई जाती हैं। माननीय मुख्य मंत्री जी ने नये बनने वाले जितने वाटर वर्क्स हैं उनसे लेकर जो खालों से और रजबाहों से जो पानी आता है उनकी भी नयी लाइनें बिछाने का ऐलान किया है। इस प्रकार से हरियाणा प्रदेश जलापूर्ति में नये आयाम स्थापित किए गए हैं।

तारांकित प्रश्न संख्या-1489

(इस समय माननीय सदस्य श्री बंता राम सदन में उपस्थित नहीं थे, इसलिए प्रश्न पूछा नहीं गया।)

Opening of Hospital / PHC at Thol Mandi

***1568. Sh. Om Parkash Jindal :** Will the Minister of State for Health be pleased to state—

(a) whether it is a fact that an announcement was made by the Chief Minister for opening of Hospital / PHC at Thol Mandi in District Kurukshetra in the 'Sarkar Apke Dwar' programme ; and

(b) whether it is also a fact that the work of the said Hospital / PHC has

[Sh. Om Parkash Jindal]

not yet been started; if so the reason thereof; togetherwith the time by which it is likely to be opened ?

स्वास्थ्य राज्य मंत्री (डॉ० एम०एल० रंगा) :

(क) जी हाँ, श्रीमान।

(ख) जी, हाँ श्रीमान, भवन निर्माण / मुरम्मत के अनुमान तैयार हो चुके हैं और 16.55 लाख रुपए की बजट व्यवस्था करवाई जा रही है।

श्री ओम प्रकाश जिन्दल : अध्यक्ष महोदय, जिला कुरुक्षेत्र की ठोल मण्डी जो कि एक देहाती एरिया है, में एक सरकारी अस्पताल बनना था वह अभी तक कम्पलीट नहीं हुआ है जबकि माननीय मुख्य मंत्री जी ने इसकी घोषणा 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में की थी।

श्री अध्यक्ष : जिन्दल साहब, आप सवाल पूछिये।

श्री ओम प्रकाश जिन्दल : अध्यक्ष महोदय, मैं सवाल ही पूछ रहा हूँ। ठोल मण्डी में हॉस्पिटल की बिल्डिंग बनी हुई है लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर है, न दवाई है और लोगों के लिए इलाज कराने के लिए कोई प्रबन्ध नहीं है, पूरा देहाती एरिया है और वहां पर लोग अपना इलाज कराने के लिए बड़ी भारी मुसीबत में हैं। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूँ कि वहां पर हॉस्पिटल कब तक काम करना शुरू कर देगा।

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, इस विषय के बारे में मैं सम्मानित सदस्य को अवगत कराना चाहूँगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा के उपरान्त वहां की पंचायत ने तीन एकड़ भूमि दी थी और बाबा तेजा सिंह ने यह कहा था कि इस जमीन पर भवन का निर्माण करवा दिया जायेगा। उस पर जो भवन का निर्माण करवाया गया उसका चित्र फोटो मेरे पास है उस भवन के किसी कमरे के न तो दरवाजे लगाये गये हैं और न ही कोई खिड़की लगाई गई है, पूरा फर्श कच्चा है और न ही पानी की निकासी का प्रबन्ध किया गया है और न ही बिजली का प्रबन्ध है। जब माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में इस हॉस्पिटल की घोषणा की गई थी तो स्थानीय विधायक ने यह आश्वासन दिया था कि इस भवन की रिपेयर, दरवाजे, खिड़कियां, पानी का और बिजली का प्रबन्ध पंचायत द्वारा करवा दिया जायेगा। इस बारे में बार-बार लिखने के बावजूद भी पंचायत ने यह सब कार्य करवाने में अपनी असमर्थता जाहिर की है। परन्तु अभी पिछले दिनों माननीय मुख्यमंत्री जी जब शाहबाद गये थे तो वहां की पंचायत ने माननीय मुख्य मंत्री जी से निवेदन किया कि हमारी पंचायत इस खर्च को वहन करने में असमर्थ है और वे कोई खर्चा नहीं कर सकते इसलिए आप किसी तरह से सरकार द्वारा इस काम को करवायें। उस समय आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय ने इस काम को सरकार द्वारा करने की स्वीकृति दी थी। तत्पश्चात् हमने वहां के सिविल सर्जन को कहा कि आप अपना इंजीनियर भेजकर इस काम का एस्टिमेट भिजवायें ताकि इस हॉस्पिटल के खिड़की, दरवाजे और फर्श का काम करवाया जा सके और बिजली-पानी का प्रबन्ध किया जा सके। हमारे पास 15 लाख 54 हजार रुपये का एस्टिमेट आ गया है और उस एस्टिमेट की हमने प्रशासनिक स्वीकृति ले ली है। इस पैसे के आने के बाद इस काम को यथाशीघ्र करवा दिया जायेगा। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : धर्मबीर सिंह जी अब आप बोलिये।

श्री ओम प्रकाश जिन्दल : अध्यक्ष महोदय, पहले मेरे प्रश्न का जवाब तो आने दीजिए। मैंने माननीय मंत्री जी से यह पूछा है कि यह काम कब तक पूरा हो जायेगा?

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी, जिन्दल साहब पूछ रहे हैं कि यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा।

डॉ०एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, मैंने एक हिन्दी के शब्द यथाशीघ्र का प्रयोग किया है।

श्री भागी राम : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि माननीय चौटाला साहब की सरकार बनने के बाद कुल कितने अस्पताल बनाये गये हैं और इन अस्पतालों पर होने वाले खर्च में क्या केन्द्र की सरकार से कोई सहायता मिली है?

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, इस सरकार के बनने के बाद साढे तीन साल के अर्से में हमारी पहली प्राथमिकता यह थी कि जो पिछली सरकारों के दस-दस साल और 12-12 साल पुराने पत्थर लगे हुये थे उन अस्पतालों के निर्माण कार्यों को पूरा करवाया जाये। हमने पहले दो सालों में 24 बिल्डिंग वहां पूरी की हैं जिनके पत्थर 10-12 साल पहले से लगे हुए थे। इसके इलावा जिन भवनों का शिलान्यास किया उनका उद्घाटन भी आदरणीय मुख्यमंत्री महोदय ने किया है ऐसे 17 भवन हैं जिनका शिलान्यास भी इस सरकार द्वारा किया गया और इस सरकार द्वारा उद्घाटन किया गया है। आज भारत सरकार के नॉर्म्ज के मुताबिक 17 पी०एच०सीज० और सी०एच०सीज० के भवन ऐसे हैं जिन पर निर्माण कार्य जारी है और काम चल रहा है और हम जल्द से जल्द इन भवनों को पूरा करवायेंगे और यदि सम्मानित सदस्य चाहें तो मैं इन भवनों की सूची सदन को पढ़कर सुना सकता हूँ। ये हैं जनरल हॉस्पिटल डबवाली (सिरसा), सी०एच०सी० बहादुरगढ़, पी०एच०सी० चूलीबागड़ियां (हिसार), पी०एच०सी० अंचीना (भिवानी), पी०एच०सी० चोटनवाली (सिरसा), अर्बन डिस्पैंसरी, सैक्टर-20, (पंचकूला), पी०एच०सी० धारूहेड़ा (रेवाड़ी), पी०एच०सी० कच्छवा, (करनाल), पी०एच०सी० मातनहेल, (झज्जर), पी०एच०सी० जाखौली, (कैथल), पी०एच०सी० पाई, (कैथल), अर्बन डिस्पैंसरी, सैक्टर-4, (पंचकूला), पी०एच०सी० बल्लम्बा, (रोहतक), पी०एच०सी० लिलम्स (भिवानी), 50 बैड की एडीशनल बिल्डिंग जनरल अस्पताल, (जीन्द), सी०एच०सी० कलायत, (कैथल), पी०एच०सी० बालू, (कैथल), पी०एच०सी० दरियावाला, (जीन्द), अर्बन डिस्पैंसरी, सैक्टर-17, जगाधरी, अर्बन डिसपैंसरी, सैक्टर-10, (पंचकूला), पी०एच०सी० पतरेहरी, (अम्बाला), सी०एच०सी० लाडवा, (कुरुक्षेत्र), ऐडीशनल वार्ड सी०एच०सी० गोहाना, (सोनीपत)। पी०एच०सी० दरबी, (सिरसा), पी०एच०सी० बराड़ा, अम्बाला, अर्बन डिसपैंसरी, सैक्टर-25, (पंचकूला), फर्स्ट रैफरैल यूनिट 30 बैड्डिड हॉस्पिटल, सैक्टर-3, (फरीदाबाद), लोजिस्टिक स्टोर एण्ड होस्टल भवन, (भिवानी), फर्स्ट रैफरैल यूनिट 30 बैडिड हॉस्पिटल, सैक्टर-30, (फरीदाबाद), पी०एच०सी० फिरोजपुर झांगर, (सोनीपत), ए०एन०एम० ट्रेनिंग स्कूल एण्ड लोजस्टिक स्टोर, (रोहतक), एम०पी०एच० डब्ल्यू० (एम०) ट्रेनिंग सैंटर एण्ड होस्टल एण्ड ट्रेनिंग सैंटर, (गुड़गांव), पी०एच०सी० धौज, (फरीदाबाद), न्यूली कंस्ट्रक्टिड बिल्डिंग ऑफ जी०एच० रोहतक, पी०एच०सी० रोड़ी, (सिरसा), पी०एच०सी० अलखपुरा, (भिवानी), न्यू 100 बैडिड हॉस्पिटल बिल्डिंग जी०एच० (पंचकूला), ट्रोमा सैंटर, (करनाल), सी०टी० स्कैन सैंटर, (सिरसा), पी०एच०सी० कोट, (पंचकूला), कम्यूनिटी हैल्थ सैंटर, ओढां, (सिरसा) ये 41 बिल्डिंग हमने साढ़े 3 साल के अंदर तैयार करवाकर जनता की स्वास्थ्य सेवाओं के लिये समर्पित की हैं। जहां तक दूसरा प्रश्न सम्मानित साथी ने किया है कि क्या इसके लिये जो खर्चा किया गया है वह केन्द्र सरकार द्वारा आया है या प्रांतीय सरकार ने वहन किया है। तो मैं बताना चाहूँगा

[डॉ० एम०एल० रंगा]

कि यह सच है कि इसके लिये जो नार्म्ज हैं वे भारत सरकार के हैं और उन नार्म्ज के हिसाब से ही इन बिल्डिंग को बनाया गया है लेकिन एक नया पैसा भी हमें केन्द्र सरकार से नहीं मिला। जितना भी पैसा लगाया गया है वह शिवालिक बोर्ड से लेकर लगाया गया है या प्रांतीय सरकार ने वहन किया है।

श्री भगवान सहाय रावत : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि इन्होंने स्वास्थ्य की प्राथमिकता के आधार पर पुरानी 24 सी०एच०सीज०, पी०एच०सीज० और 17 नई सी०एच०सीज० और पी०एच०सीज० जिन पर काम जारी है उन 17 में से औरंगाबाद में कभी सी०एच०सी० थी और पी०एच०सी० की बिल्डिंग के लिए चौ० साहब ने नया भवन बनवाने के लिए कहा था और नांगल जाट में भी पी०एच०सी० बनाने की बात कही थी, उनके काम की क्या पोजीशन है। रूपड़ा की उटावल में नई पी०एच०सी० बननी थी उसकी क्या पोजीशन है।

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूँगा इन्होंने औरंगाबाद की पी०एच०सी० की बात की है, पिछली बार हमने सदन में कहा था कि इसकी ड्राईंग और एस्टीमेट तैयार हो गये हैं, उस सदन और आज की डेट के बीच हमने उसका पैसा स्वीकृत करके पी०डब्ल्यू०डी० विभाग को भेज दिया है। वे अपने हिसाब से टैण्डर्ज वगैरह इनवाईट करके कार्य शुरू करवाएंगे। जहां तक उटावल की बात है तो वहां हमारी पी०एच०सी० किसी सहकारिता भवन में 1993 से चल रही है, उसके लिए पिछली बार भी आदरणीय साथी के प्रश्न के जवाब में हमने कहा था कि वे जमीन दे दें तो उटावल में ही पी०एच०सी० बनवाएंगे लेकिन पंचायत जमीन देने के लिए असमर्थ थी। हमने सिविल सर्जन को कहा कि अगर वे लोग जमीन नहीं देते तो आप मजदीक के रूपड़ा जो कि साथ लगता गांव है वहां पंचायत के पास जमीन भी है यदि वे जमीन दे दें तो दोनों गांवों का काम चल सकता है। इसी तर्ज पर रूपड़ा गांव की पंचायत ने 4 एकड़ जमीन विभाग को देने के लिए प्रस्ताव भेजा है, उस पर दोनों गांवों की सहमति है। वह जगह उटावल चौक के पास है, वहां पर पी०एच०सी० बनने से आस पास के 8-10 गांवों को फायदा होगा। जमीन का प्रस्ताव एस०डी०एम० के पास विचाराधीन है। जब केस एस०डी०एम० के पास से हमारे पास आ जाएगा तो जमीन का स्थानान्तरण स्वास्थ्य विभाग को किया जाएगा। स्थानान्तरण के बाद 74 लाख का जो हमारा पी०एच०सी० का खर्च होता है, एस्टीमेट मंजूर करवाकर प्रशासनिक स्वीकृति दिलाकर इस काम की स्वीकृति देकर यह काम शुरू किया जाएगा।

श्री सूरज मल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूँगा कि दो साल हो गए हैं हमारे यहां पी०एच०सी० के लिए मुख्यमंत्री जी ने ग्रांट की घोषणा की थी, उसके सारे नॉर्म्ज पूरे हो चुके हैं, लेकिन वह अभी तक बनी नहीं है, इसलिए मेरा निवेदन है कि उसको शीघ्र बनाया जाए।

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, सम्मानित साथी ने पिछली बार भी सदन में यही प्रश्न किया था। उस सदन और आज के बीच 73 लाख 84 हजार रुपये इस काम के लिए वित्त विभाग से जारी हो चुके हैं। पी०डब्ल्यू०डी० विभाग को हमने कहा है कि जल्दी से जल्दी इसका निर्माण कार्य शुरू करवाएं। हम जल्दी ही तारीख निश्चित करके मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करेंगे कि इसका शिलान्यास करें ताकि इसका जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू करवाया जा सके।

———

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मल्लाह, जिला पंचकूला के विद्यार्थियों का स्वागत

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि राजकीय सीनियर, सैकेंडरी स्कूल, मल्लाह के छात्र, छात्राएं विजिटर गैलरी में विधान सभा की कार्यवाही देखने के लिए बैठे हैं, हम उनका स्वागत करते हैं।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि पी०एच०सी० और सी०एच०सी० खोलने का क्या क्राईटेरिया है। मेरे गाँव दुबलधन की आबादी 20 हजार के करीब है। वहां पी०एच०सी० नहीं है। वहां कॉलेज है और दूसरी संस्थाएं भी हैं तथा एक आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी भी चल रही है लेकिन वह डिस्पैंसरी भी चौपाल में चल रही है उसकी अपनी बिल्डिंग नहीं है। इसलिए मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या मेरे गांव दुबलधन में पोपुलेशन के हिसाब से सी०एच०सी० या पी०एच०सी० खोलने का विचार सरकार के विचाराधीन है और यदि है तो कब तक बनेगी ?

स्वास्थ्य राज्य मंत्री (डॉ० एम०एल० रंगा) : अध्यक्ष महोदय, पी०एच०सी०, सी०एच०सी० और सब सैंटर कहां पर बनायें जायें इस बारे भारत सरकार के अपने नॉर्म्ज बने हुए हैं। उन नॉर्म्ज के मुताबिक जहां 5 हजार की आबादी है वहां सब सैंटर का निर्माण करते हैं, जहां पर 30 हजार की आबादी होती है वहां पी०एच०सी० का निर्माण करते हैं और जहां पर एक लाख से ऊपर की आबादी होती है वहां सी०एच०सी० का निर्माण करवाते हैं। दूसरा इसमें यह भी है कि 8 कि०मी० की दूरी तक पी०एच०सी० या सी०एच०सी० नहीं होनी चाहिए। जहां तक मेरे माननीय साथी दुबलधन की बात कर रहे हैं, इस बारे मैं इनको बताना चाहूँगा कि इसको एग्जामिन करवा लेंगे यदि वहां भारत सरकार के नॉर्म्ज पूरे होंगे तो उनके हिसाब से वहां पी०एच०सी० बनवा दी जायेगी। जहां तक इन्होंने आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी का जिक्र किया इस बारे इनको बताना चाहूँगा कि सरकार उन्हीं गांवों में आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी चलाती हैं जिन गांवों ने अपनी चौपालें, धर्मशालाएं या किसी दूसरी जगह कमरे उपलब्ध करवा रखे हैं। आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी के लिए अलग से भवन का निर्माण नहीं करते हैं।

श्री रमेश राणा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि पिछले सत्र के दौरान मंत्री जी ने बताया था कि घरौंडा के अंदर जो सी०एच०सी० बनेगी उसके नक्शे तैयार हो चुके हैं, प्लानिंग हो चुकी है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहूँगा कि क्या वहां के लिए पैसे का प्रबन्ध हो गया है और मुख्यमंत्री जी इसका शिलान्यास कब तक करेंगे ?

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, इस बार की प्लानिंग में हमने पहले से ही 6 करोड़ रुपये रखे हुए हैं ताकि जहां पी०एच०सी० और सी०एच०सी० की एनाउंसमैंट हुई है वहां निर्माण कार्य शुरू किया जाये और जो अगला बजट सत्र आयेगा उसमें बचा हुआ पैसा दे देंगे। माननीय साथी जिस सी०एच०सी० की बात कर रहे हैं उसके लिए पैसे ईयरमार्क कर दिए हैं। जल्दी से जल्दी उसका शिलान्यास करवायेंगे।

श्री रमेश कुमार खटक : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि मुंडलाना में पी०एच०सी० की पुरानी बिल्डिंग है जिसको विभाग ने रिजैक्ट कर दिया है। वहां की

[श्री रमेश कुमार खटक]
पंचायत ने रैजोल्यूशन बनाकर विभाग को और सरकार को भेज दिया है और 8 लाख रुपये भी जमा करवा दिए हैं। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वहां पर नई बिल्डिंग कब तक बनकर तैयार हो जायेगी ?

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, गोहाना विधान सभा क्षेत्र के मुंडलाना गांव में पी०एच०सी० की बिल्डिंग को लेकर वहां के लोगों में दो मत हैं। गांव के आधे लोग चाहते हैं कि पी०एच०सी० गांव के बीच में बने और आधे लोग चाहते हैं कि पी०एच०सी० गांव के बाहर सड़क पर बने। इस विवाद को देखते हुए हमने अपने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को पिछले महीने मौके पर भेजा था। उन्होंने गांव के लोगों के साथ बैठकर विचार-विमर्श किया और इस विवाद को हल किया। अब गांव के लोग मान गये हैं कि पी०एच०सी० का निर्माण गांव के बाहर रोड के साथ किया जाये। गांव के लोग जब चार एकड़ जमीन वहां देंगे तभी वहां पी०एच०सी० का निर्माण करेंगे। अब वहां जो पी०एच०सी० चल रही है वह जीर्ण और बहुत पुरानी अवस्था में है। अब वहां की पंचायत ने हमारे विभाग को चार एकड़ जमीन सड़क के पास देने का प्रस्ताव दे दिया है और हमारे विभाग के नाम जमीन स्थानान्तरण हो जायेगी। उसके बाद प्रशासनिक ऐप्रूवल, वित्तीय ऐप्रूवल और बजटरी प्रोवीजन करवाकर संभवत अगले बजट सत्र में इस कार्य को किया जायेगा।

चौ० नफे सिंह राठी : स्पीकर सर, वैसे तो स्वास्थ्य के मामले में डॉक्टर साहब ने काफी कुछ बताया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि हरियाणा में जो इण्डस्ट्रियल टाउन हैं तथा उनमें नई ई०एस०आई० डिस्पैंसरी या ई०एस०आई० हॉस्पीटल खोलने की योजना सरकार के विचाराधीन है ?

डॉ० एम०एल० रंगा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को बताना चाहूँगा कि पिछले 20 वर्षों से भारत सरकार ने केवल ग्रामीण क्षेत्रों को ही आर०सी०एच० में लिया हुआ था लेकिन यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इस बार हरियाणा के सभी अर्बन एरियाज को भी आर०सी०एच० स्कीम में लिया जा चुका है। उसके तहत चाहे कोई स्लम एरिया है या दूसरा एरिया है वहां पर ई०एस०आई० डिस्पैंसरी खोली हुई हैं। इसके अलावा भी हमारे सब सैंटर या दूसरी स्वास्थ्य सेवाएं अर्बन एरियाज में भी आर०सी०एच० के तहत दी जायेंगी। अध्यक्ष महोदय, ई०एस०आई० की स्वास्थ्य सेवाएं श्रम मन्त्रालय के अंतर्गत आती हैं और पिछले दिनों गुड़गांव के अंदर एक ई०एस०आई० के बड़े हॉस्पीटल का शिलान्यास किया गया है, उसका निर्माण कार्य जारी है। इसी तरह से हमारे फरीदाबाद में, मानेसर में, बावल में, बहादुरगढ़ में या सोनीपत में या जहां-जहां पर औद्योगिक क्षेत्र हैं वहां पर ई०एस०आई० डिस्पैंसरी काम कर रही है। बहादुरगढ़ में यदि मजदूरों के हिसाब से नॉर्म्ज पूरे होते होंगे तो वहां पर नई ई०एस०आई० डिस्पैंसरी खोलने के लिए श्रम मंत्रालय को लिख देंगे और वहां से स्वीकृति आने पर नई ई०एस०आई० डिस्पैंसरी खोलने पर विचार किया जा सकता है।

श्री जसबीर मलौर : अध्यक्ष महोदय, मैंने स्वास्थ्य मंत्री जी से पिछले सदन में भी अनुरोध किया था और अब फिर आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि मेरे हल्के में नूरपूर गांव की जो पी०एच०सी० बनी हुई है वह करीब 35 साल पहले की बनी हुई है और उसकी बिल्डिंग की हालत बहुत खराब है और महकमे ने भी उस बिल्डिंग को अनसेफ डिकलेयर किया हुआ है। वहां पर नई बिल्डिंग बनाने के लिए महकमे ने 4 एकड़ जमीन की मांग की थी वह जमीन भी पंचायत ने रैज्योल्यूशन पास करके दे दी है। उस पुरानी बिल्डिंग में स्टाफ भी पूरा है और डॉक्टर्ज भी पूरे हैं। मैं मंत्री

जी से जानना चाहता हूँ कि मेरे हल्के की नूरपूर की पी०एच०सी० की नई बिल्डिंग कब तक बना दी जायेगी।

श्री अध्यक्ष : लास्ट सप्लीमेन्टरी श्रीमती अनीता यादव। मंत्री जी इन दोनों सप्लीमेंटरी का एक साथ जवाब दे देंगे।

श्रीमती अनीता यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में बउवा में पी०एच०सी० बनी हुई है। वहां पर सी०एच०सी० बनाये जाने के पूरे नॉर्म्ज हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूँ कि वहां पर पी०एच०सी० से सी०एच०सी० कब तक बना दी जायेगी।

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य मंत्री जी ने स्पष्ट तौर से बता दिया है कि जो नॉर्म्ज के मुताबिक सारी प्रक्रिया पूरी करते होंगे वहां पर ऐसी बिल्डिंग अपने आप बन जाएंगी। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि पी०एच०सी० के लिए 30 हजार की आबादी है। यहां सदन में बड़े साफ शब्दों में लिखा है कि जो कहें सच कहें। डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान ने भी कह दिया कि उनके गांव दुबलधन की आबादी 20 हजार की है। इनको यह नहीं पता कि यदि किसी गांव की आबादी 15 हजार की हो जाएगी तो वहां पर म्युनिसिप्ल कमेटी बन जाएगी। दुबलधन गांव में पंचायत है।

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : वहां की आबादी 20 हजार है और वहां पर तीन पंचायतें हैं। * * * *

श्री अध्यक्ष : डॉ० साहब आप बैठिये। इनकी कोई बात रिकॉर्ड न की जाये।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : यदि तीनों पंचायतों की आबादी भी मिला ली जाए तो भी दुबलधन की आबादी 20 हजार नहीं बनती। इतना ही नहीं यदि दुबलधन माजरा को भी इसमें जोड़ लिया जाए तो भी शायद वहां की आबादी 20 हजार की नहीं बनेगी।

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, मैं क्लैरीफाई करना चाहता हूँ।

श्री अध्यक्ष : आप बैठिये। क्लैरीफाई करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नैक्स्ट क्वैश्चन श्री लीला राम।

तारांकित प्रश्न संख्या–1493

(इस समय माननीय सदस्य श्री लीला राम सदन में उपस्थित नहीं थे इसलिए यह प्रश्न पूछा नहीं गया।)

तारांकित प्रश्न संख्या–1479

(इस समय माननीय सदस्य श्री राजेन्द्र सिंह बिसला सदन में उपस्थित नहीं थे इसलिए यह प्रश्न पूछा नहीं गया।)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

Removing of encroachments from HUDA land at Panipat

***1541. Sh. Anil Vij :** Will the Minister for Town and Country Planning be pleased to state—

(a) whether it is a fact that the land of Sector-6 of HUDA, Panipat has been encroached by some persons ; and

(b) if so, the time by which above encroachments are likely to be removed ?

नगर एवं ग्राम आयोजना मंत्री (श्री धीर पाल सिंह) :

(क) हाँ श्रीमान जी। हुडा को ज्ञात है कि सैक्टर-6, पानीपत में बीते समय में कुछ अवैध निर्माण / अतिक्रमण उस भूमि / टुकड़ों पर हुए हैं जिन पर या तो कोई कानूनी विवाद है या माननीय न्यायालयों ने उस भूमि को खाली न कराने के स्थगन आदेश पारित कर रखे हैं।

(ख) सैक्टर-6, पानीपत में मौजूदा अतिक्रमणों को हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। लेकिन जिस भूमि पर न्यायालय के स्थगन आदेश हैं या कोई कानूनी विवाद है, न्यायालय के उन स्थगन आदेशों के निपटान के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

10-00 बजे

Shri Anil Vij : Speaker Sir, some time back I happened to visit your home town, Panipat and I pained to know that the land meant for green belt has been encroached by certain persons. This is a very serious matter and very wrong trend, many questions arise out of it. My first question is, whether Government is trying to identify all others Urbans Areas, where such type of land has been encroached upon ? My second question is, on the one side Government is trying its level best to increase the green cover in the State and on the second side such encroachments are happening. I would like to know from the Govt. that whether the Government has made up some policy to increase the green cover of the towns? And my third and most important question is, whether the Government is trying to bring some legislation to make encroachments a criminal offence so that this tendency could be stopped? I would like to mention here that जो जमीन सरकारी है वह सारी हमारी है उसके नाते स्थान-स्थान पर जमीनों को ऐन्क्रोच करने की टैंडेंसी बढ़ रही है तो क्या सरकार इसके लिए कोई ऐसा कानून लाने की कोशिश कर सकती है जिसके तहत ऐन्क्रोचमैंट को क्रिमिनल अपराध माना जाए और बजाए इसके कि यह जिम्मेदारी सरकार की हो उस भूमि को खाली करवाने की जिम्मेदारी उन लोगों पर डाली जा सके और वे ऐसी भूमियों को खुद खाली करें।

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, मौजूदा सरकार की यह पॉलिसी है कि जहां कहीं पर भी नाजायज ऐन्क्रोचमैंट है वह सब हटाई जा रही है। उसके लिए निरन्तर प्रयास हुए हैं और उसमें बहुत हद तक हमें सफलता भी मिली है। प्रजातान्त्रिक प्रणाली में कोई व्यक्ति विशेष किसी गांव में या कस्बे में सार्वजनिक सम्पत्ति को दबा जाए यह प्रजातन्त्र की परिभाषा नहीं है। मौजूदा सरकार कानून की पालना करने में भी यकीन रखती है। पानीपत की जिस जमीन का जिक्र

माननीय सदस्य कर रहे हैं वह साढ़े सात एकड़ जमीन हुडा की कुछ लोगों ने दबाई थी उसमें से अढ़ाई एकड़ जमीन खाली करवा ली गई है और बाकी की पांच एकड़ जमीन को खाली करवाने के लिए बी०पी० एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज है। हालांकि कोर्ट की तरफ से हमें निर्देश हैं कि सारी जमीन खाली करवाई जाए उसके बावजूद भी सरकार सारी प्रक्रिया पूरी करके उसको खाली करवाने की पक्षधर है। इसी सदन के सम्मानित सदस्य यह जानकारी रखते हुए भी इस प्रकार के नाजायज ऐन्क्रोचमैंट को जब तोड़ा जाता है तो उस पर राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए अपने आप को वहां पर शामिल करते हैं और सरकार के खिलाफ भाषणबाजी करने का काम भी करते हैं। यह जमीन किसी व्यक्ति विशेष की बपौती नहीं है पूरे प्रदेश की दो करोड़ 15 लाख लोगों की सम्पत्ति है। मैं सदन के सभी सम्मानित सदस्यों से विशेष रूप से यह अनुरोध करना चाहूँगा कि इस मामले में सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी तरह से सहयोग देना चाहिए। कानून पहले से भी बने हुए हैं और मजबूत में हम आ सकें इसके लिए आज ही इस बारे में एक बिल हम इस सदन में लाने जा रहे हैं।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मुख्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करवाना चाहूँगा कि फरीदाबाद हमारी बहुत बड़ी इण्डस्ट्रियल बैल्ट है। हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री जी ने सारे प्रदेश के अन्दर ऐन्क्रोचमैंट हटाने का जो अभियान चलाया हुआ है एक प्रकार से कई करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर कब्जे हटाए हैं उसके लिए सरकार बधाई की पात्र है। मैं निवेदन करना चाहूँगा कि हिन्दुस्तान में बिहार, यू०पी० या अन्य प्रदेशों में बिलो पावर्टी लाइन जो लोग रहते हैं इसी उद्देश्य से कि उन्हें वहां पर नौकरी मिल जाएगी बड़ी भारी संख्या में फरीदाबाद में आ रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, सारा प्रशासन बधाई का पात्र है कि वे एन्क्रोचमैंट हटाते हैं। लेकिन लोगों पर इतना प्रैशर है कि वे अगले दिन ही फिर झुग्गी-झौंपड़ी डाल देते हैं। गरीब आदमी को कहीं पर भी बसाने की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन यह जो कम्पेन है इसके तहत हुडा की, एम०सी०एफ० की जमीनों से एन्क्रोचमैंट हटाई जा रही है यह निश्चित रूप से सारे स्टेट के इन्ट्रस्ट में है। अध्यक्ष महोदय, बिना किसी पोलिटिकल कांसीच्यूसी की परवाह किए बगैर यह अभियान चलना चाहिए। इसके लिए यह सरकार बहुत बधाई की पात्र है।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, सरकार इस बात का प्रयास भी कर रही है कि अगर कहीं पर एन्क्रोचमैंट जाने-अनजाने में हो गई है और जिसकी वजह से सार्वजनिक तौर पर किसी को नुकसान न होता हो, मिसाल के तौर पर कोई भी पंचायत की जमीन है उसमें कंसोलिडेशन में रास्ते कटे हुए हैं, फिरनी कटी हुई है और कई गलियां कटी हुई हैं, अगर किसी एन्क्रोचमैंट के कारण आवागमन के रास्ते में कोई बाधा आती है तो उस नाजायज एन्क्रोचमैंट को सरकार तोड़ेगी और उसको हर कीमत पर तोड़ेगी। लेकिन पंचायत की खुली जमीन पर अगर किसी ने गलती से मकान बना लिया और ग्राम पंचायत डिप्टी कमिश्नर से सलाह मशविरा करके पंचायत की तरफ से उसकी जो कीमत निर्धारित की जाएगी वह मकान बनाने वाला जमा करवा देता है तो सरकार उसको तोड़ने के पक्ष में नहीं है लेकिन इस प्रकार की कोई एन्क्रोचमैंट है जहां आपकी मैडिकल वैन भी न जा सके, जहां फायरब्रिगेड भी न जा सके और उन गलियों में से दो गाड़ियाँ इक्टठी न जा सकें तो उस एन्क्रोचमैंट को हटाया जाएगा। हम भुगतभोगी हैं, आज से तीन वर्ष पहले सोनीपत के मामा-भांजा बाजार में आग लग गई थी और हमारे पास फायरब्रिगेड होते हुए भी वहां नहीं पहुंच सकी थी। हम बेबस थे क्योंकि हम वहां पर तंग गलियां होने की वजह से पहुंच नहीं सकते थे। इस प्रकार की नाजायज एन्क्रोचमैंट को हटाने के लिए हम पक्षधर है। जैसा कि मैंने बताया है, उसमें हमारे सदन के सम्मानित सदस्य बाधक बनने का प्रयास करते हैं और सरकार पर अनर्गल तथा मिथ्या इल्ज़ाम लगाते हैं। इसके लिए हमने भी

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

प्रयास किए हैं कि हम बातचीत से रास्ता तलाश करके उनसे पूछते हैं कि अगर वे अपनी मर्जी से वह रास्ता छोड़ देते हैं तो हम भी उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लेंगे। जहां तक सरकारी जमीन पर किसी ने नाजायज मकान बना भी लिया है तो सरकार उनके आवास की समुचित व्यवस्था करने के लिए विचार कर रही है। यह सरकार उनको मुनासिब कीमत पर दूसरी जगह पर जमीन दे देगी। इसके इलावा अम्बेदकर योजना के तहत उनको हमारी सरकार मकान भी बनाकर देगी। हम किसी को उजाड़ने के पक्षधर नहीं है। लेकिन सरकारी भूमि पर कोई जोर-जबरदस्ती से कब्जा करता है और उस जमीन को बेच दे, फिर कब्जा कर ले और फिर बेच दे तो हमारी सरकार ऐसी परम्परा को समाप्त करने की पक्षधर है। मैं सदन के सम्मानित सदस्यों को कहूँगा कि प्रदेश के हित के लिए प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में साथ दें। हमारी सरकार किसी को उजाड़ने की पक्षधर नहीं है, हम सबको बसाने के पक्षधर हैं। जो लोग झुग्गी-झोंपडियों में नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं, हम उनके आवास की समुचित व्यवस्था कर रहे हैं।

Naggal be made Flood Free

***1515. Shri Jasbir Mallour** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to make the Naggal Constituency free from flood ; and

(b) if so, the details thereof ?

मुख्य संसदीय सचिव (श्री राम पाल माजरा) :

(क) हाँ, श्रीमान जी।

(ख) नग्गल क्षेत्र को बाढ़ से राहत प्रदान करने हेतु 4 योजनाएं बनाई जा चुकी हैं। ये योजनाएं हरियाणा राज्य बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं। योजनाओं के नाम निम्नानुसार हैं :—

1. 80.75 लाख रुपये की लागत से गन्दा नाला के नदी की ओर के तटबन्ध की बुर्जी 4650 से 20000 तक का विस्तार एवं मजबूत करना तथा आउटफाल लिंक ड्रेन की बुर्जी 1900 से 0 तक व दो इनलेटस की क्षमता बढ़ाना।

2. 13.33 लाख रुपये की लागत से बड़ौली ड्रेन की बुर्जी 2900 से 0 तक की खुदाई करना।

3. 15.36 लाख रुपये की लागत से चौड़मस्तपुर ड्रेन की बुर्जी 7700 से 0 तक खुदाई करना।

4. 112.28 लाख रुपये की लागत से सुल्लर ड्रेन की बुर्जी 20100 से 0 तक खुदाई करना।

श्री जसबीर मलौर : अध्यक्ष महोदय, मेरा हल्का बहुत ही फ्लड इफैक्टिड एरिया था। अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूँगा कि इन्होंने हमारे एरिया में ड्रेनें मंजूर की हैं। उन ड्रेनों के मंजूर होने से हमारे एरिया के लोगों को बहुत राहत मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, दो ड्रेनों की तो खुदाई भी हो चुकी है, लेकिन गन्दा नाले की ओर जो 80.70

लाख की स्कीम है उसके बन जाने से हमारे इलाके को बहुत फायदा होगा। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि उन ड्रेनों को जल्दी से जल्दी बनवाने का कष्ट करें। इसके अलावा सुल्लर ड्रेन जो मंजूर हो चुकी है उसको भी जल्दी खुदवाने का काम करवाएं ताकि नग्गल हल्के को बाढ़ से मुक्ति दिलाई जा सके।

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, मेरे माननीय साथी ने खुद ही बताया है कि इनके हल्के में दो ड्रेन पूर्ण हो गयी हैं। मैं इनको बताना चाहूँगा कि गन्दा नाला के नदी की ओर के तटबन्ध को मजबूत करने का काम 31-12-2003 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह से बड़ौली ड्रेन का काम भी 31.12.2003 तक पूरा कर लिया जाएगा। इनके हल्के में जो चौड़मस्तपुर ड्रेन बनाने का काम शुरू किया गया था तो उसका काम भी अब पूर्ण हो चुका है। इसी तरह से इनके यहां की जो चौथी ड्रेन सुल्लर है उसका काम भी जून, 2004 तक पूरा करवा लिया जाएगा। इस तरह से न केवल नग्गल क्षेत्र में बल्कि हरियाणा प्रदेश में 80 स्कीमें इस तरह की मंजूर की गयी हैं। स्पीकर सर, जो बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 34वीं बैठक हुई थी उसमें ये स्कीम्ज मंजूर की गयी हैं इन पर 12.81 करोड़ रुपये खर्च होंगे। स्पीकर सर, अब की बार इतनी बारिश होने के बावजूद हरियाणा में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से सफल हुआ कहीं पर भी बाढ़ नहीं आयी जबकि पहले ड्रेनेज सिस्टम सफल नहीं होता था। स्पीकर सर, चौटाला साहब का जो बाढ़ रहित हरियाणा का स्वप्न रहा है अब की बार वह पूरा हुआ है क्योंकि कहीं पर भी इस बार बाढ़ नहीं आयी है।

श्री पूर्ण सिंह डाबड़ा : स्पीकर सर, हिसार जिले में खास तौर से हिसार सराउंडिंग एरियाज के जो गांव हैं जैसे मीरका, डाबड़ा, मिर्जापुर, न्याणा, सातरोड़ कलां, सातरोड़ खुर्द एवं खास और सिंदड़ खानपुर, उनमें अभी भी पानी का प्रभाव है। वहां पर इनके लिए पूर्णत: जितनी ड्रेन होनी चाहिएं थीं उस हिसाब से वह पूरी नहीं हो सकी हैं। मैं आपके माध्यम से सी०पी०एस० महोदय से पूछना चाहूँगा कि इस काम को कब तक करवा दिया जाएगा और जो नयी रिक्वायरमैन्ट है उनको इन गांवों में कब पूरा कर दिया जाएगा?

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, मैंने पहले ही बताया है कि इस तरह की 80 स्कीम्ज मंजूर की गयी हैं। जहां तक माननीय साथी ने कहा कि कुछ गांवों में अभी भी पानी खड़ा है तो मैं इनसे कहूँगा कि ये इसके लिए एक नोटिस लिखकर दे दें। स्पीकर सर, पहले तो 30 सितम्बर के बाद पानी निकालने के लिए डी-वाटरिंग का काम शुरू होता था लेकिन अब की बार माननीय मुख्य मंत्री जी ने किसानों का ध्यान रखते हुए पहले ही पानी निकलवाने की प्रक्रिया शुरू करवा दी है जबकि जयप्रकाश जी, आपको याद होगा कि 1995 में जब बाढ़ आयी थी उस समय चार-पांच महीने तक पानी खड़ा रहा था लेकिन उस समय की सरकार ने पानी निकलवाने का प्रयास नहीं किया था लेकिन अब की बार ऐसा नहीं हुआ है स्पीकर सर, इसके लिए माननीय मुख्य मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। मुख्य मंत्री जी का नारा है कि किसान आराम से सोये, मैं सारी रात जागूंगा।

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, जो नग्गल या अम्बाला का एरिया है इसमें बाढ़ घग्गर के पानी की वजह से आती है। घग्गर नदी का काफी सरप्लस पानी होता है इसलिए मैं आपके माध्यम से सी०पी०एस० महोदय से जानना चाहूँगा कि क्या सरकार की घग्गर नदी पर कोई डैम या बाँध बनाने की योजना है?

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, जिस तरह से माननीय साथी ने कहा कि क्या घग्गर नदी पर कोई डैम बनाने की योजना है मैं इनको बताना चाहूँगा कि इनकी सरकार ने तो कभी भी इस बारे

[श्री राम पाल माजरा]

में नहीं सोचा और न ही उनकी सरकार ने कभी डब्ल्यू०जे०सी० को मजबूत करने के बारे में सोचा। हमने घग्गर नदी की बाढ़ को रोकने के लिए रंगोई नाला बनवाया। भागीराम जी इस बारे में खुद जानते हैं। स्पीकर सर, किस प्रकार से घग्गर का पानी किसानों की फसलों की सिंचाई के काम आए इसको इस सरकार ने ही सोचा और रंगोई नाला बनवाया ताकि इस पानी का ठीक तरह से प्रयोग किया जा सके। स्पीकर सर, इस बार घग्गर में बाढ़ नहीं आयी क्योंकि हमने इस बारे में प्रयास किए, स्कीम्ज बनायीं।

श्री राम किशन फौजी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सी०पी०एस० महोदय से जानना चाहूँगा कि अब की बार मेरे हल्के में फुंगड़, भैणी और धनाना में बहुत जबरदस्त बाढ़ आई है।

श्री अध्यक्ष : बारिश आई है कि बाढ़ आई है।

श्री राम किशन फौजी : बाढ़ आई है और उससे हजारों एकड़ कपास की फसल खत्म हो गई है उसके बारे में जानना चाहूँगा कि जिन किसानों की कपास की फसल खराब हुई है उनको मुआवजा मिलेगा, कोई राहत मिलेगी?

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, इस सदन के कुछ सम्मानित सदस्यों को बारिश और बाढ़ का भी ज्ञान नहीं है। अब की पूरे प्रदेश में कहीं भी बाढ़ नहीं आई। ये ठीक है कि कुछ ऐसे लो लाइंग एरिया हैं जहां ज्यादा बारिश की वजह से पानी खड़ा है और मैं पूरे सदन को इस बात के लिए जानकारी देना चाहूँगा कि पुराने कायदे कानून के मुताबिक जिनके बनाने वाले ये सामने बैठे हुए हैं 30 सितंबर के बाद जब खरीफ की फसल समाप्त हो ले, रबी की बिजाई के लिए पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाती है और मौजूदा सरकार इस बात के लिए बधाई की पात्र है कि जहां कहीं भी बारिश के फौरन बाद जैसे ही पानी के खड़े होने की सूचना मिली उस पानी को पम्पआउट कर दिया गया। सरकार प्रयासरत है और पूरे सदन को इस बात के लिए आश्वस्त करना चाहूँगा कि 1-1 इंच भूमि पर रबी की बिजाई की जाएगी।

श्री राम किशन फौजी : मैंने मुआवजे की बात कही है उसका जवाब नहीं आया है।

श्री अध्यक्ष : आप बैठ जाएं।

तारांकित प्रश्न संख्या-1503

(यह प्रश्न पूछा नहीं गया क्योंकि इस समय माननीय सदस्य श्री कर्ण सिंह दलाल सदन में उपस्थित नहीं थे।)

Construction of Roads in Dabwali City

***1497. Sh. Sita Ram :** Will the Minister of State for Urban Development be pleased to state—

(a) whether the Chief Minister, Haryana has announced the construction of some roads in Dabwali City during the year 2002-2003 ; and

(b) the number of roads out of those referred to in part 'a' above construction of which have been completed and the number of roads the construction work is yet to be started ?

नगर विकास राज्य मंत्री (श्री सुभाष गोयल) :

(क) नहीं, श्रीमान जी।

(ख) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से नगर विकास राज्य मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि इस सरकार के आने के बाद डबवाली शहर की सड़कों के सुधारीकरण और नयी सड़कों के निर्माण के लिए कितना पैसा इस सरकार ने रिलीज किया है और इन सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ-साथ यह भी जानना चाहूँगा कि डबवाली शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर विकास राज्य मंत्री ने कितना पैसा रिलीज किया है और ये सब कार्य कब तक पूर्ण हो जाएंगे ?

श्री सुभाष गोयल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सम्मानित सदस्य को बताना चाहूँगा कि वर्ष 2001-2002 में माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत 311 लाख रुपये की राशि से सड़कों के निर्माण की घोषणा की थी जिसमें से 151.81 लाख रुपये रिलीज होकर के इन सड़कों के लिए जारी किये जा चुके हैं तथा 159.19 लाख रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर की डिवलैपमैंट फण्ड के तहत फाइनैंस डिपार्टमैंट में अप्रूवल के लिए फाईल गई हुई है यथाशीघ्र उसका निपटारा होने के बाद इन सड़कों के लिए यह पैसा दे दिया जायेगा। जहां तक सड़कों का प्रश्न है वह मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूँगा कि मेन बाजार से पंजाब सीमा तक विष्णु मन्दिर रोड और डॉ० सेठी रोड से पंजाब सीमा तक। कालोनी रोड और चेतक रोड और बी०एड० कालेज से दुर्गा मन्दिर तक। डिलाईट सिनेमा रोड और गुरचरण फौजी रोड से रामलीला ग्राउन्ड तक। चेतक रोड टू डिलाईट सिनेमा वाया जसवन्त जै०ई० मैल्लू राम बस स्टैण्ड वाली सड़क सहित। सब्जी मण्डी रोड गोदामों से बाबा लक्कड़ मार्किट एम०पी० कॉलेज तक। पंजाब बोर्ड के सामने जी०टी० रोड से गौशाला तक। डॉ० सुभाष सेठी रोड से आर्य समाज मन्दिर, जी०टी० रोड तक। बराड़ावाली से पंजाब सीमा तक। गली मोगावाली पुराना हनुमान मन्दिर रोड से अनाज मण्डी तक। चेतक रोड बस स्टैण्ड के सामने से जी०टी० रोड तक। पुराने हनुमान मन्दिर से चेतक रोड तक। एकता नगरी में रामलाल बागड़ी से चेतक रोड तक। रेलवे सीमा में एम०पी० कालेज से रामबाग तक। वैण्णों मन्दिर से चौधरी सतपाल, राजेन्द्र ठेकेदार, रघबीर चन्द फैक्टरी से कालावाली रोड तक। सी०सी० रोड से राजाराम चेयरमैन के घर तक आदि सड़कों पर कुल ये 311 लाख रुपये की जो सरकार ने घोषणा की है उसका मैंने पूरा ब्यौरा सदन को बता दिया है।

डॉ० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय मंत्री जी से जानना चाहा था कि डबवाली में सीवरेज व्यवस्था के सुधार के लिए सरकार ने कोई पैसा रिलीज किया है, अगर किया है तो कितना पैसा रिलीज किया है ?

श्री सुभाष गोयल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूँगा कि इनका यह प्रश्न इस प्रश्न से संबंधित नहीं है। ये अलग से इस बारे में लिखकर दे दें तो इसका इनको जवाब दे दिया जायेगा।

Levelling of Manheru Minor

***1518. Ch. Jagjit Singh** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether the Government is aware of the fact that the level of Manheru Minor is uneven upto its tail due to which the village Gouripur, Paintawas Khurd, Paintawas Kalan and Fategarh of district Bhiwani do not get adequate water for irrigation and drinking purposes ; and

(b) if so, the steps taken or proposed to be taken by the Government for levelling of said minor.

मुख्य संसदीय सचिव (श्री राम पाल माजरा) :

(क) नहीं, श्रीमान जी।

श्री अध्यक्ष : हुड्डा साहब, आप तो डिसिप्लिंड हो, आप इनडिसिप्लिंड तो नहीं हो। (विघ्न) कम से कम आप तो डिसिप्लिन में रहो। (विघ्न) आप तो लीडर हैं, कम से कम आप तो डिस्पिलिन में रहें। (विघ्न)

(इस समय कई माननीय सदस्य अपनी सीटों पर खड़े हो कर बोलते रहे।)

आप सभी लोग बैठें, आपकी कोई भी बात रिकॉर्ड नहीं हो रही है। (विघ्न) अब पार्लियामैंट्री अफेयरज मिनिस्टर बोलें। (विघ्न)

प्रो० सम्पत सिंह : स्पीकर सर, (विघ्न) This is not the way. (विघ्न) स्पीकर साहब, अनावश्यक तौर पर सदन का समय नष्ट किया जा रहा है। (विघ्न एवं शोर)

श्री अध्यक्ष : हुड्डा साहब, आप अपने पीछे देखें। (विघ्न) हुड्डा साहब, आप मेहरबानी करके बैठें। (विघ्न) जगजीत सिंह जी, आप भी बैठ जाएं। राव इन्द्रजीत सिंह जी, आप अपनी सीट पर बैठें। (विघ्न) पार्लियामैंट्री अफेयरज मिनिस्टर खड़े हैं पहले उन्हें बोलने दें उसके बाद आपकी बात सुनी जाएगी। (विघ्न) राव साहब, इस स्टेज पर कोई प्वांयट ऑफ ऑर्डर नहीं होता।

प्रो. सम्पत सिंह : प्वांयट ऑफ ऑर्डर किस बात का है when nothing has been said तो प्वांयट ऑफ ऑर्डर किस बात का है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : हुड्डा साहब, राव साहब, पहले आप लोग बैठ जाईये। (विघ्न) यह बुक हमारे पास भी है। आप बैठिए (विघ्न)

प्रो० सम्पत सिंह : स्पीकर सर, आप मुझे बार-बार बोलने के लिए टाइम दे रहे हैं लेकिन उधर ये लोग खड़े हुए हैं।

श्रीमती अनीता यादव : अध्यक्ष महोदय, **********

श्री अध्यक्ष : अनीता जी, आप बैठ जाइये (विघ्न) बिना इजाजत के जो भी बोला जा रहा है, वह रिकॉर्ड न किया जाए। (विघ्न) आप सभी लोग बैठिये, आप क्यों हाउस का समय बर्बाद कर रहे हैं? (विघ्न) इसमें कोई जीरो आवर नहीं है, आप पढ़ कर देखें कोई जीरो आवर नहीं है। (विघ्न)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

Prof. Sampat Singh : When nothing has been said, what is point of order ? (interruption)

श्री अध्यक्ष : रूल्ज में कोई जीरो आवर नहीं है, मैं बार-बार इस बात को कह रहा हूँ। राव इन्द्रजीत सिंह जी, जीरो आवर ही नहीं है तो उसमें इस तरह का प्रश्न कहां से आ जाएगा ? (विघ्न) जय प्रकाश जी, आप बैठिये, सदन के नेता खड़े हैं।

मुख्यमंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, ये जिम्मेदार लोग हैं। अध्यक्ष जी की ओर से कालिंग अटैंशन मोशन के लिए एक नाम प्रस्तुत कर दिया गया है और उसके बोलने से पहले ही इन लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया है। राव साहब, अभी तक कोई चर्चा ही नहीं हुई है तो प्वायंट ऑफ ऑर्डर किस बात का है, आप तो जिम्मेदार आदमी हैं। (विघ्न) भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के बस की तो बात नहीं है वे मोटे दिमाग के आदमी हैं लेकिन आपको तो इस बात का ज्ञान है, आप तो पार्लियामैंटेरियन रहे हुए हो। (विघ्न) आप यह बताएं कि आप किस बात पर बोलना चाहते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

राव इन्द्रजीत सिंह : * * * * ।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : जब कोई अभी चर्चा ही नहीं हुई है, किसी ने कुछ बोला ही नहीं है तो प्वायंट ऑफ ऑर्डर किस बात का। अध्यक्ष महोदय ने काल अटैंशन मोशन को पढ़ने के लिए आदेश दिया है और आप प्वायंट ऑफ ऑर्डर पर बोलने के लिए खड़े हो गए हो। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : * * * * ।

श्री अध्यक्ष : भजन लाल जी की कोई बात रिकॉर्ड न की जाए। आप किस की इजाजत से बोलने के लिए खड़े हुए हो ? आप बिना इजाजत के मत बोलें। (शोर एवं व्यवधान) रूल्ज में जीरो ऑवर की कोई व्यवस्था नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : * * * * ।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : भजन लाल जी, आपको अध्यक्ष का फैसला मानना पड़ेगा। आप कुर्सी को कैसे चैलेंज कर सकते हैं ? आप कुर्सी को चैलेंज नहीं कर सकते हो। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : * * * * ।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : क्या आप चेयर को चैलेंज कर रहे हो, चैयर के फैसले को नहीं मान रहे हो ? (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : * * * * ।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : आप सदन में यह बताएं कि क्या आप चेयर को चैलेंज कर रहे हो ? (शोर एवं व्यवधान)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

चौधरी भजन लाल : * * * * ।

श्री अध्यक्ष : भजन लाल जी, आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। आप बिना इजाजत के मत बोलें। (शोर एवं व्यवधान) **(इस समय कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक मात्र सदस्य श्री जगजीत सिंह सांगवान बोलने के लिए खड़े हो गए।)** आप सब अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) आप सब बिना इजाजत के मत बोलें। (शोर एवं व्यवधान)

प्रो० सम्पत सिंह : स्पीकर सर, सदन की कार्यवाही को देखने के लिए आज यहां पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे आए हुए हैं, ये बच्चे यहां से क्या सीख कर जाएंगे ? (शोर एवं व्यवधान) इनका बाहर का शो जैसा रहता है वह तो रहता ही है लेकिन ये सदन के अन्दर भी इस तरह से कर रहे हैं। कभी वह खड़ा हो जाता है तो कभी वह खड़ा हो जाता है। आपने मुझे बोलने की अनुमति दी है। आप इनको बिठाएं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप सब अपनी सीटों पर बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) प्रो० सम्पत सिंह जी बोलेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

प्रो० सम्पत सिंह : अध्यक्ष महोदय, ये अपनी सीटों पर नहीं बैठ रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) आप इनको बिठाएं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : बैठिए-बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) जगजीत सिंह जी, आप अपनी सीट पर बैठें। (शोर एवं व्यवधान)

राव इन्द्रजीत सिंह : * * * * ।

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी बोलना चाहते हैं आप उनको बोलने दें। (शोर एवं व्यवधान) आप सब अपनी सीटों पर बैठिए। इन्द्रजीत सिंह जी, मंत्री जी बोलने के लिए खड़े हुए हैं, आप उनको बोलने दें। (शोर एवं व्यवधान) अब ये जो भी बोलें वह कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया जाए। (शोर एवं व्यवधान) आपका कुछ भी रिकॉर्ड नहीं होगा। (शोर एवं व्यवधान) कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया जाए। (शोर एवं व्यवधान)

राव इन्द्रजीत सिंह : * * * * *।

चौधरी भजन लाल : * * * * *।

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, आपकी कोई भी बात रिकॉर्ड नहीं हो रही है। आप बिना इजाजत के मत बोलें। (शोर एवं व्यवधान) मैंने आपको बोलने की इजाजत नहीं दी है। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : * * * * * ।

श्री अध्यक्ष : अभी बहस शुरू हुई नहीं है और आप प्वायंट ऑफ ऑर्डर पर खड़े हो गए हैं। (शोर एवं व्यवधान) आप का किस बात पर प्वायंट ऑफ ऑर्डर है ? (शोर एवं व्यवधान) इनका किसी का भी कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया जाए। (शोर एवं व्यवधान) धर्मबीर सिंह जी, आपका किस बात पर व्यवस्था का प्रश्न है ? (शोर एवं व्यवधान) आपका किसी का भी कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो रहा है। (शोर एवं व्यवधान) रघुबीर सिंह जी, आप बिना इजाजत के मत बोलिए। (शोर एवं व्यवधान) आप अपनी

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) प्लीज, आप बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) रघुबीर सिंह जी, मैं आपको वार्न करता हूँ।

राव इन्द्र जीत सिंह : * * * * *।

श्री अध्यक्ष : आपका कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो रहा है। आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) **(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हो गए।)** रघुबीर सिंह जी, मैं आपको वार्न कर रहा हूँ। आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) आप सभी अपनी-अपनी सीटों पर बैठें। (शोर एवं व्यवधान) कैप्टन अजय सिंह, अब आप अपना नोटिस पढ़े (शोर एवं व्यवधान)

चौ० भजन लाल : स्पीकर सर, * * * * *। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कैप्टन अजय सिंह, अब आप अपना नोटिस पढ़िये। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० भजन लाल : स्पीकर सर, * * * * *। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप सभी बैठिए। हमारे रूल्ज में जीरो ऑवर नहीं है लेकिन कन्वैंशन है इसलिए आपको कई बार बोलने के लिए समय दिया जाता है कई बार डिस्कशन भी हुई है और होंगी भी। मैंने कांग्रेस पार्टी के दो काल अटैंशन मोशंज एडमिट किए हैं इसलिए आप इसमें विघ्न न डालें। अब कैप्टन अजय सिंह अपना नोटिस पढ़ें। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० भजन लाल : अध्यक्ष महोदय, * * * * *। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : जो भी भजन लाल जी मेरी परमिशन के बगैर बोल रहे हैं वह रिकॉर्ड न किया जाए।

प्रो० सम्पत सिंह : स्पीकर सर, जो इनके द्वारा आपकी इजाजत के बगैर बोला गया है मैं आपसे रिक्वैस्ट करूंगा कि इनकी वह बात रिकॉर्ड में नहीं आनी चाहिए। ये बगैर आपकी इजाजत के बोल रहे हैं इसलिए अब तक जितना भी इन्होंने बोला है वह रिकॉर्ड नहीं किया जाना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : अब तक और आगे जो भी मेरी परमिशन के बगैर बोला जा रहा है वह रिकॉर्ड नहीं किया जाए। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, स्पीकर सर, * * *

वाक-आउट

राव इन्द्रजीत सिंह : स्पीकर सर, अगर आप मुझे प्वायंट ऑफ ऑर्डर पर भी अपनी बात कहने का मौका नहीं दे रहे हैं तो मैं इसके विरोध में वाक-आउट करता हूँ।

(इस समय इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सदस्य राव इन्द्रजीत सिंह सदन से वाक-आउट कर गए।)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव—

गन्ना उत्पादकों के बकाया संबंधी (पुनरारम्भ)

चौ० भजन लाल : अध्यक्ष महोदय,* * * * *

श्री अध्यक्ष : जीरो ऑवर के बारे में फैसला कर दिया इसलिए अब आप बैठें। (शोर एवं व्यवधान) कैप्टन अजय सिंह, अब आप अपना नोटिस पढ़ें।

Capt. Ajay Singh Yadav : Sir, I want to draw the attention of this august House towards a matter of urgent public importance in order to discuss the issue on account of the delay on the part of the Sugar Mills and the Co-operative Sugar Mills to release the arrears of the Sugarcane growers in the State of Haryana. I further state that the Sugarcane growers have suffered a lot on account of mal-administration, negligence and carelessness of the State Government due to which they have reached the point of starvation. There is great resentment among them forcing to stage protests and dharnas throughout the State. This issue requires immediate discussion. Therefore, I urge the Government to make a statement on the floor of the House in this regard.

Mr. Speaker : Now, the Agriculture Minister will make a statement.

डॉ० रघुबीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है।

श्री अध्यक्ष : नहीं नहीं, अब आप बैठिए। अब ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर अपनी स्टेटमैन्ट देंगे।

सदस्य का नाम लेना

Dr. Raghubir Singh Kadian : Sir, I want to speak on a point of order.

Mr. Speaker : No- No, Please sit down. I warn you again.

Dr. Raghubir Singh Kadian : Speaker Sir, please listen to me.

Mr. Speaker : Dr. Raghubir Singh Kadian, I name you. You may please leave the House.

(At this stage Dr. Raghubir Singh Kadian withdrew from the House.)

वक्तव्य—

कृषि मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी

कृषि मंत्री (स० जसविन्द्र सिंह संधू) : अध्यक्ष महोदय, यह सत्य नहीं है कि प्रदेश के किसानों को राज्य सरकार के कु-प्रबन्धन, लापरवाही एवं असावधानी और चीनी मिलों द्वारा गन्ना उत्पादकों के बकाया भुगतान में हुए विलम्ब के कारण नुक्सान हुआ है। वास्तविक स्थिति निम्न प्रकार है :—

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

1. सहकारी चीनी मिलों ने अगेती किस्मों के लिए 110 रुपए प्रति क्विं०, मध्यम किस्मों के लिए 106 रुपए प्रति क्विं० सामान्य किस्मों के लिए 104 रुपये प्रति क्विं० का उच्चतम भाव किसानों को दिया।

2. गन्ने के भुगतान में कोई असामान्य देरी नहीं हुई है क्योंकि सहकारी चीनी मिलों द्वारा कुल देय राशि 387.53 करोड़ रुपए में से, 339.77 करोड़ रुपए की धन राशि का भुगतान किसानों को दिनांक 8-9-2003 तक पहले ही कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों की समस्त राशि के भुगतान करने के लिए 30.00 करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण दिनांक 9-9-2003 को जारी किया है।

गन्ना पिराई सत्र 2002-2003 के लिए, राज्य की निजी क्षेत्र की चीनी मिलों द्वारा 231.63 करोड़ रुपए की देय धन राशि में से किसानों को 206.62 करोड़ रुपए की राशि का अब तक भुगतान कर दिया है और बकाया राशि 25.01 करोड़ रुपए का जल्द ही अदा किए जाने की सम्भावना है।

3. सरकार तथा चीनी मिलों द्वारा कुशल-प्रशासन, क्लोज मोनोटरिंग एवं सघन प्रयासों के परिणामस्वरूप सहकारी चीनी मिलों के कार्य परिणामों में पिछले 4 वर्षों के दौरान अत्याधिक सुधार हुआ है।

विवरण	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-2003
गन्ना पिराई (लाख क्विंटल)	247.62	274.71	342.68	361.39	361.52
चीनी की प्राप्ति (रिकवरी प्रतिशत)	8.64	8.97	9.56	9.64	9.79
चीनी का उत्पादन (लाख क्विंटल)	21.39	24.62	32.76	34.74	35.40

(i) सहकारी चीनी मिलों द्वारा गन्ना पिराई की मात्रा वर्ष 1998-99 की 247.62 लाख क्विंटल से बढ़कर वर्ष 2002-03 में 361.52 लाख क्विं० हो गई।

(ii) गन्ने से प्राप्त होने वाली चीनी की रिकवरी में वर्ष 1998-99 की 8.64% से बढ़ाकर वर्ष 2002-2003 में 9.79% की गई।

(iii) चीनी का उत्पादन वर्ष 1998-99 में 21.39 लाख क्विं० से बढ़कर 35.40 लाख क्विं० किया गया। जोकि अब तक का रिकॉर्ड उत्पादन है।

(iv) चीनी की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया और बड़े दाने का उत्पादन वर्ष 1998-99 के 40 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2002-2003 में 74 प्रतिशत तक बढ़ा है।

(v) राज्य की सहकारी चीनी मिलों की चीनी की बिक्री दर देश में सर्वाधिक है।

[स० जसविन्द्र सिंह संधू]

(vi) राष्ट्रीय स्तर पर गन्ना विकास, तकनीकी तथा वित्तीय मापदंडों के क्षेत्र में राज्य की सहकारी चीनी मिलों द्वारा 8 में से सर्वाधिक 5 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। करनाल सहकारी चीनी मिल देश की सर्वश्रेष्ठ चीनी मिल घोषित की गई है।

पिछले 4 वर्षों की अवधि मे राज्य सरकार द्वारा गन्ना उत्पादकों को सर्वाधिक गन्ने का भाव दिया गया। पिछले 4 वर्षों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम सवैंधानिक मूल्य की तुलना में राज्य की सहकारी चीनी मिलों ने 515 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि का भुगतान किया और इस प्रकार गन्ना उत्पादकों में कोई रोष या व्यथा नहीं है। अत: इसमें कोई कु-प्रबन्धन, असावधानी तथा लापरवाही नहीं है।

श्री अध्यक्ष : अजय सिंह जी, आप ब्रीफ क्वैश्चन पूछें।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि टोटल जो एरियर बताया है वह 25.01 करोड़ रुपया बताया है और यह पैसा प्राइवेट शूगर मिल और को-ऑपरेटिव शूगर मिल वालों की तरफ बकाया है। मैं आपके माध्यम से जानना चाहूँगा कि क्या सरकार ने यह वायदा नहीं किया था कि 15 दिन के अंदर शूगर केन ग्रोवर्ज को उनका बकाया पैसा दे देंगे? इसके अलावा मैं यह जानना चाहूँगा कि सैंटर से टोटल कितना पैकेज इसके लिए मिला है? इस बारे में कई बार चर्चा आई है कि केन्द्रीय सरकार ने 600 करोड़ रुपये का पैकेज दिया है मैं जानना चाहूँगा कि सैंटर से कितना पैसा मिला है यह भी बतायें कि उसमें क्या कोई ऐसी कंडीशन लगा रखी है कि वह लोन है या ग्रांट की शेप में है? क्या वह किसानों को लौटाना होगा और यदि लौटाना होगा तो क्या इंट्रैस्ट समेत देना होगा? अगर लोन है तो यदि किसान उसे लेता है तो क्या कोई ऐसी कंडीशन लगाई है कि स्टेट अपना ऐडरवाईजरी प्राइस कमीशन नहीं बैठायेगी?

11.00 बजे

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को और पूरे प्रदेश को अवगत कराना चाहूँगा कि हरियाणा प्रदेश की सरकार ने गन्ना उत्पादक किसानों को सबसे ज्यादा मूल्य दिया है। अगर मैं यह कहूं तो ज्यादा उपयुक्त होगा कि विश्व के स्तर पर हरियाणा प्रदेश के किसानों को सबसे ज्यादा मूल्य दिया है। सरकार गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ने के मूल्य की निरन्तर पेमैंट दे रही है और मैंने पहले भी कहा था और फिर सदन को आश्वस्त करना चाहूँगा कि इस माह के अन्त तक गन्ना उत्पादक किसानों का एक-एक पैसा सरकार की तरफ से दे दिया जायेगा। जहां तक मेरे सम्मानित सदस्य ने प्रश्न पूछा कि प्राईवेट शूगर मिलें और विशेष रूप से यह कहा कि पेमैंट लेट हो गई है क्या सरकार उस पैसे पर किसानों को ब्याज देगी। केन्द्र की तरफ से जो निर्धारित मूल्य होता है उससे हरियाणा प्रदेश की सरकार ने अधिक मूल्य किसानों को दिया है और उसकी वजह से लगभग 515 करोड़ रुपये किसानों को फालतू मिले हैं। इस वर्ष 97 करोड़ रुपये फालतू दिये हैं वे ब्याज से कई गुणा ज्यादा हैं। पिछले साल तक प्राईवेट शूगर मिलें सरकार के निर्धारित मूल्य किसानों को देती रही हैं। इस साल सरकार की तरफ से गन्ने का निर्धारित मूल्य उन्होंने किसानों को नहीं दिया है। प्राईवेट शूगर मिलों को सरकार इस बात के लिए कहेगी कि वे इस साल का गन्ने का सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य किसानों को दें। जहां केन्द्र सरकार के घोषित पैकेज की चर्चा की गई थी। वह पैकेज मैं आपको पढ़कर सुना देता हूँ। इस पैकेज को बड़ा चर्चित किया गया था और हरियाणा प्रदेश के किसान भी बड़े खुश हुए थे कि इस पैकेज से हमें ज्यादा लाभ मिलेगा। दिनांक 18 जुलाई, 2003 को विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार भारत सरकार ने गन्ना उत्पादकों के लिए 600 करोड़ रुपये की राशि के वित्तीय पैकेज की घोषणा की थी। इस धन राशि की

घोषणा के अनुसार राज्य सरकार द्वारा सुझाए गये गन्ने के मूल्य एस०ए०पी० तथा भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम संविधिक मूल्य एम०एस०पी० के अन्तर की पूर्ति करने हेतु गन्ने की बकाया राशि का भुगतान करने के उद्देश्य से की गई थी। इस पर कथित उद्देश्य के लिए राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से 151.62 करोड़ रुपये की सहायता की मांग की गई थी। तत्पश्चात् भारत सरकार द्वारा दिनांक 24-8-2003 को विभिन्न राज्यों के गन्ना उत्पादकों के लिए 678 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा विभिन्न समाचार-पत्रों के माध्यम से की गई थी। सरकार के पास आज तक लिखित रूप में कुछ नहीं आया है। समाचार-पत्रों के आधार पर जो चर्चाएं हैं मैं उसका उल्लेख करने जा रहा हूँ। इसमें हरियाणा राज्य को 84.73 करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है। समाचार-पत्रों में घोषित इस पैकेज के अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि जिन राज्यों को यह धन-राशि दी जायेगी वे राज्य भविष्य में गन्ने का राज्य संविधिक मूल्य एस०ए०पी० निर्धारित नहीं कर सकेंगीं। पैकेज का लाभ लेने वाली राज्य सरकारों से यह भी अपेक्षा की कि 1997 में इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्णय जिससे गन्ने के राज्य सुझावित मूल्य पर रोक लगा दी गई थी के विरोध में राज्य सरकारों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एस०एल०पी० को वापिस लेंगी। यह उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में चीनी की रिकवरी प्रतिशत अधिक होने के कारण भारत सरकार द्वारा तय किया गया न्यूनतम संविधिक मूल्य के आधार पर भी वहां के किसानों को गन्ने की अच्छी कीमत मिल जाती है। जबकि हरियाणा जैसे राज्य में जहां चीनी की रिकवरी प्रतिशत कम है किसानों को यदि न्यूनतम संविधिक मूल्य के आधार पर गन्ने की कीमत दी जायेगी तो वह लागत मूल्य भी वापस नहीं होगा जोकि गन्ने की पैदावार के लिए खर्च कर दिया गया है। यह पैकेज केवल निजी क्षेत्र की चीनी मिलों के लिए ही हैं। इस पैकेज राशि को राज्य सरकारों को ऋण के रूप में दिया जाना है न कि अनुदान के रूप में और यह ऋण सीधा राज्य सरकारों को ही दिया जायेगा और राज्य सरकारें ही पहले यह ऋण राज्य के किसानों को वितरित करेंगी और बाद में यह ऋण राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को चार प्रतिशत ब्याज सहित लौटाया जायेगा। अतः इस योजना के अन्तर्गत निजी क्षेत्र की चीनी मिलें ऋण के रूप में जो सुविधा प्राप्त करेंगी तो उसके लिए भी राज्य सरकार ही उत्तरदायी बन जायेगी जोकि सर्वथा उचित नहीं है। यदि राज्य सुझावित मूल्य निर्धारण न करने की शर्त लागू कर दी गई तो इससे हरियाणा राज्य के गन्ना उत्पादकों को काफी वित्तीय हानि का सामना करना पड़ेगा। हालांकि इस संबंध में भारत सरकार की ओर से उस पैकेज को क्रियान्वित करने के बारे में राज्य सरकार को सरकारी तौर पर कोई लिखित दिशा निर्देश अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहूँगा कि यह जो पैकेज जिसकी चर्चाएं चल रही हैं, जो अखबारों में छपी है उसके आधार पर यह लाभ प्राइवेट चीनी मिलों को मिलने जा रहा है और उसके साथ जो शर्त लगाई जा रही है उस शर्त के तहत हम आईदा के लिए किसान को लाभान्वित करने के लिए अपनी तरफ से भी कोई और ज्यादा पैसा नहीं दे पाएंगे। मैं सदन के इन सदस्यों से पूछना चाहूँगा कि एक तरफ तो ये किसानों के हित की बात करते हैं, उनको बरगलाने का प्रयास करते हैं और दूसरी तरफ उनके हितों पर कुठाराघात करने के लिए ये इस बात के पक्षधर हैं। क्या आप चाहेंगे कि हम हरियाणा के किसानों को लाभान्वित मूल्य न दे सकें? मैंने इंटर स्टेट काउंसिल की अभी 27, 28 तारीख को जम्मू कश्मीर में जो मीटिंग हुई है उस मीटिंग में मैंने प्रधान मंत्री जी से कहा था कि इस पैकेज का स्पष्टीकरण करें। मैंने प्रधान मंत्री जी से कहा कि आपने पैकेज की घोषणा की, उस पैकेज के माध्यम से 84 करोड़ से ज्यादा पैसा हरियाणा को मिलने की घोषणा है, हमें खुशी हुई लेकिन हमें पता लगा है कि यह पैकेज तो आप हमें लोन दे रहे हैं और 4 प्रतिशत ब्याज के साथ केन्द्र सरकार वापिस ले रही है। (शोर एवं व्यवधान) इस कालिंग अटैंशन से पहले पूरे कांग्रेस के लोग यह प्रमाणित करें और यह बताएं कि आप

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

प्राइवेट मिलों को यह पैसा देने जा रहे हैं या किसानों को देने जा रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, * * * * *

श्री अध्यक्ष : हुड्डा साहब आप बैठें, हुड्डा साहब की कोई बात रिकॉर्ड न की जाए।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : आप तो इसके लिए तैयार हो रहे हो। आप तो कालिंग अटैंशन मोशन ला रहे हैं। यह तो हरियाणा सरकार है जिसने साफ कह दिया कि हम इस पैकेज को मंजूर नहीं करेंगे। आप तो तैयार बैठे हो, आपको ज्ञान नहीं है, आप तो धरने देते हो, प्रदर्शन करते हो। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, हालांकि इस विषय से जुड़ी हुई बात नहीं है क्योंकि किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। मैं सदन की जानकारी के लिए एक बात और बताना चाहूँगा कि मैंने इंटर स्टेट काउंसिल की मीटिंग में जहां गन्ने की बात कही थी वहीं आपको ध्यान होगा कि प्रधानमंत्री की तरफ से घोषणाएं की गई थी कि सूखाग्रस्त किसानों को नया पैकेज देंगे। जब वह पैकेज सामने आया तो उस पैकेज में यह दर्शाया गया कि सूखा पीड़ित किसानों का ब्याज माफ किया जाएगा, हमें इस पर खुशी हुई थी लेकिन अगले दिन प्रान्तीय सरकार को केन्द्र की सरकार की तरफ से लैटर आया कि ब्याज का पैसा प्रान्तीय सरकार वहन करेगी। बल्ले-बल्ले उनकी होगी और कपड़े हमारे फाड़ेंगे। इस सदन में ऐसे लोग भी बैठे हैं कि माल किसी का, कमाल किसी का। (शोर एवं व्यवधान) इंटर स्टेट काउंसिल में मैंने इस मुद्दे को उजागर किया और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर मैंने कहा कि प्रधानमंत्री जी, आप इसको क्लीयर करें, आपके पैकेज की घोषणा बहुत अच्छी है, आपके निर्णय बहुत अच्छे हैं, हम आपको पसंद करते हैं लेकिन आपके दफ्तर में शायद कुछ लोग ऐसे बैठे हैं जो इसको इम्पलीमैंट करने में बाधक हैं। प्रधान मंत्री जी ने मुझे इंटर स्टेट काउंसिल की मीटिंग में आश्वास्त किया था कि हम इसको देखेंगे और किसान को लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

आई०जी० (रिटायर्ड) शेर सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह सरकार की अचीवमैंट है कि as a result of efficient, close monitoring, intensive efforts made by the Government and sugar-mills, the working results of the Co-operative Sugar-mills, have improved tremendously during the last 4 years यह मान लेते हैं। अध्यक्ष महोदय, किसानों ने शेयर होल्डर बनकर कोपरेटिव मिल्ज में पैसा लगाया था और शेयर खरीदे थे। किसानों के गन्ने पर प्रति क्विंटल 50 पैसे कटते हैं। इसलिए मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि किसानों का जो पैसा कटा है उसमें से क्या उनको पैसा वापिस दिया गया है ? यदि दिया गया है तो कितना पैसा दिया गया है और नहीं दिया गया तो क्यों नहीं दिया गया जबकि वह किसानों का अपना पैसा है तथा सरकार की कोपरेटिव मिल्ज भी ठीक चल रही हैं।

कृषि मंत्री (सरदार जसविन्द्र सिंह संधू) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को बताना चाहूँगा कि 110 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का भाव हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नहीं है जबकि हरियाणा सरकार ने यह भाव यहां के किसानों को दिया है फिर इसमें 50 पैसे की बात कहां से आ गई ? स्पीकर सर, एक-एक रुपये गन्ने का भाव तो चौधरी भजन लाल जी ने 1990-91 में बढ़ाया था और किसानों के साथ मजाक किया था। आज के दिन भी जहां कहीं कांग्रेस की सरकारें हैं वहां पर किसानों को 110 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने का भाव नहीं दिया जा

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

रहा और ये यहां किसानों के पैसे की बात करते हैं। पंजाब में कांग्रेस की सरकार है और वहां 129 करोड़ रुपये सरकार ने किसानों को देना है। वहां की सरकार की 13वीं मनाने के लिए पंजाब के किसान मटका चौक पर तीन दिन से बैठे हुए हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, जहां तक मुनाफे की बात है इस बारे में मैं बताना चाहूँगा कि कोपरेटिव शूगर मिल एक प्रकार से ओटोनोमस बोडी है और किसानों का उसमें शेयर है। सरकार जो 110 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का भाव किसानों को दिला रही है उसके लिए सरकार कोपरेटिव शूगर मिलों को कर्जा दे रही है और वह पैसा शूगर मिलों को ही अदा करना पड़ेगा। जो भी मुनाफा शूगर मिलों का होता है वह उनमें बंटता है। शाहबाद शूगर मिल का मुनाफा बंटा है। अध्यक्ष महोदय, शेर सिंह जी ने 50 पैसे बारे जो कहा है वह इन्होंने ठीक ही कहा है। क्योंकि ये 50 पैसे इनको उस समय के याद रहे जब चौधरी भजन लाल जी मुख्य मंत्री थे और उस समय गन्ने का भाव 50 पैसे या एक रुपये बढ़ाया जाता था। यदि किसान विरोध करते थे तो उन पर ठण्डे पानी के फव्वारे चलाये जाते थे और उन पर घोड़े दौड़ाये जाते थे। अध्यक्ष महोदय, गन्ने का भाव ही नहीं बल्कि ये गेहूं और दूसरे फसलों के भाव भी इसी तरह एक रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बढ़ाते थे तथा किसानों का अपमान करते थे। लेकिन आज ये किसानों की बात करते हैं। चौधरी भजन लाल जी के समय में गेहूँ का भाव एक रुपये बढ़ाया गया था और आज हमारी सरकार ने गेहूँ का भाव 90 से 95 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है। (विघ्न)

चौ० भजन लाल : अध्यक्ष महोदय, * * *।

श्री अध्यक्ष : भजन लाल जी, प्लीज आप बैठें। आपकी कोई बात रिकॉर्ड नहीं की जा रही। आपने कुछ भी लिखकर नहीं दिया। प्लीज आप बैठें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री शादी लाल बतरा : अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में ऐसी को-आप्रेटिव शूगर मिले हैं जिनमें जमीदारों के शेयर्ज हैं। जहां हम चाहते हैं कि जमीदार को ज्यादा से ज्यादा मूल्य मिले वहीं हम यह भी चाहेंगे कि जमीदारों से चली हुई कोआप्रेटिव शूगर मिलें भी चलती रहें। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह पूछना चाहूँगा कि कौन सी ऐसी को-आप्रेटिव शूगर मिले हैं जिनके सबसे ज्यादा ऐरियरज़ बकाया हैं और उनके पास शूगर का स्टॉक है या नहीं है यह पेमैंट कैसे करनी है, लोन ले कर कर रहे हैं या कोई सबसिडी आई है। यह 84.76 करोड़ रुपया जो आया था चिन्ता का विषय बन गया है कि जमींदारों को अपने गन्ने की कीमत दे रहे हैं, वह लोन लेकर देंगे इसीलिए हमने यह ऐडजॉर्नमैंट मोशन दिया था। मुख्य मंत्री जी ने ठीक कहा कि किसान का हित सर्वोपरि है इसलिए वह पैकेज नहीं लिया। मैं आपसे यह जानना चाहूँगा कि पैकेज न लेने के बाद जो पेमैंट दी गई है, जो सरकार दे रही है वह लोन है या सिर्फ बकाया ऐरियर्ज विद इन्ट्रस्ट लिक्विडेट करना है। किसान को ठीक मूल्य मिले और मिल्ज़ भी चलती रहे यही हमारी इच्छा है क्योंकि मिलों में भी किसानों का शेयर है।

श्री ओम प्रकाश चौटाला : को-आप्रेटिव शूगर मिलें चलेंगी ओर चल रही हैं और हर को-आप्रेटिव शूगर मिल के पास चीनी का स्टॉक है और उस स्टाक को को-आप्रेटिव शूगर मिलें अपने हिसाब से बेचती जा रही हैं जितना पैसा उनका अपना है वह भी है और उसके अलावा को-आप्रेटिव

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री ओम प्रकाश चौटाला]

शूगर मिलें दूसरे अदायरों से भी कर्ज ले रही हैं। कर्ज लेकर के किसानों को पैसा दे रही हैं। यह कर्जा को-आप्रेटिव शूगर मिलें ही अदा करेंगी, इसमें सरकार का कुछ रोल नहीं होता। सरकार तो मदद के तौर पर उनकी सहायता करती है। आपको भी सरकार की तरफ से लोन मिलता है। सरकारी कर्मचारियों को भी मकान बनाने के लिए सरकार की तरफ से लोन दिया जाता है। सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि लोगों की मूलभूत जरूरीयात पूरी हो सकें।

श्री मांगे राम गुप्ता : आन ए प्वायंट ऑफ ऑर्डर सर।

श्री अध्यक्ष : गुप्ता जी, आप बैठिये। जय प्रकाश जी को अपनी बात कह लेने दें।

चौ० जय प्रकाश : स्पीकर सर, कृषि मंत्री जी ने जो वक्तव्य दिया है उसमें गन्ने की अगेती किस्म का 110 रुपये, मध्यम किस्म का 106 रुपये और पछेती किस्म का 104 रुपये है। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि पिछले चार सालों में अगेती किस्म की कितनी फसल, मध्यम किस्म की कितनी फसल और पछेती किस्म की कितनी फसल प्रोक्योर हुई हैं। यहां पर एक बात बार-बार आ रही है कि हमारे हरियाणा में किसानों को गन्ने का का भाव सबसे ज्यादा दिया जाता है। मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि 1996 से 2000 तक कितने दाम बढ़े और इस सरकार के आने के बाद पिछले चार वर्षों में गन्ने के कितने दाम बढ़े हैं ? हम किसानों के हित के लिए ही काल अटैंशन मोशन, एडजर्नमेंट मोशन लाए थे क्योंकि 7-9-2003 तक किसानों को पेमेंट नहीं मिल रही थी। जब हम विपक्ष की भूमिका निभाते हैं तो सरकार यह मान लेती है कि हमें ज्ञान नहीं है। अगर हमें ज्ञान नहीं होता तो किसानों की बात हम क्यों उठाते ? सरकार किसान से ब्याज 14 परसैंट लेती है। यदि किसान बिजली का बिल नहीं दे तो उस पर भी उनसे 14 परसैंट ब्याज लिया जाता है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि सरकार यह बताए कि यहां पर किसानों को गन्ने का ज्यादा पैसा दूसरी स्टेटों की निस्बत कैसे दिया जा रहा है ? चुनाव से पहले मुख्य मंत्री ने घोषणा की थी कि किसानों को गन्ने का भाव सबसे ज्यादा करूंगा और दो रुपये सैकड़े पर किसानों को कर्ज देंगे। मैं एक सुझाव दूंगा कि भाव भी किसानों को ज्यादा दिया जाना चाहिए और उनको कर्ज भी दो रुपये सैकड़े के हिसाब से दिया जाना चाहिए। क्योंकि यह सभी को पता है कि अबकी बार किसानों की गन्ने की फसल दूसरे प्रदेशों में लूटी गई है। तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि चीफ मिनिस्टरज की कांफ्रेंस में केन्द्र सरकार से हमारे सी०एम० साहब ने सूखे के नाम से ज्यादा पैसा मांगा तो कहा गया कि जो वित्तीय मदद मिली है वह सूखाग्रस्त के लिए मिली है। इसमें अगर केन्द्र सरकार ने किसानों को गन्ने का ठीक भाव नहीं दिया तो यह केन्द्र सरकार ने हरियाणा के किसानों के साथ छल का काम किया है इसलिए आपको केन्द्र सरकार से अपना समर्थन वापस लेना चाहिए, हम इस मामले में आपका साथ देने के लिए तैयार हैं और हम सब किसानों के साथ हैं। मैं यह भी पूछना चाहूँगा कि क्या इस बात पर यह सरकार केन्द्र सरकार से अपना समर्थन वापिस लेगी ? (विघ्न)

श्री ओम प्रकाश चौटाला : थारा साथ चौधरी बंसी लाल ने लिया था और अब वे दिखाई नहीं दे रहे हैं, परमात्मा बचाए थारे से, तुम तो दूर ही चौखे हो। (विघ्न)

सरदार जसविन्द्र सिंह सन्धू : अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी और चौधरी भजन लाल जी की जानकारी के लिए मैं यहां पर हाउस में कुछ आंकड़े बताता हूँ। कांग्रेस पार्टी की सरकार के वक्त में और चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी की सरकार आने के बाद पिछले साल में कितने भाव बढ़े हैं

वह भी मैं बताता हूँ। मैं 1972 से आंकड़े पेश करूँगा जब इस प्रदेश के मुख्यमंत्री कांग्रेस पार्टी के चौधरी बंसी लाल जी थे। (विघ्न) भजन लाल जी, मैं आपके वक्त के और 1997-98 के आंकड़े भी बताऊंगा। 1972 में साढ़े आठ से बढ़ कर 11 रुपये का भाव हुआ था। 1972-73 में 12 से साढ़ें बारह रुपये का भाव हुआ था यानि केवल 50 पैसे का भाव बढ़ा था। (विघ्न) क्या उस वक्त कांग्रेस पार्टी की सरकार नहीं थी? (विघ्न) 1991 के आंकड़े भी मैं बताऊंगा। (विघ्न) चौधरी साहब, आपने अपनी सरकार के समय में एक रुपया भाव बढ़ाया था। (विघ्न)

वित्त मंत्री (प्रो० सम्पत सिंह) : कांग्रेस की सरकार में जब चौधरी भजन लाल जी मुख्यमंत्री थे तो भाव घटाया भी गया था। (विघ्न)

चौधरी भजन लाल : अध्यक्ष महोदय, ******* ।

श्री अध्यक्ष : चौधरी भजन लाल जी, आप बैठिए। (विघ्न) आप सभी लोग शान्ति बनाए रखें। (विघ्न) चौधरी भजन लाल जी की कोई भी बात रिकॉर्ड न करें। (विघ्न)

सरदार जसविन्द्र सिंह सन्धू : मैं माननीय चौधरी भजन लाल जी के वक्त से भाव भी बता रहा हूँ। सन 1991-92 में जो अगेती किस्म का भाव था वह 49/- रुपये था मध्यम किस्म का भाव 47/- रुपये और पिछेती किस्म का भाव था 45/- रुपये। 1992-93 में इन्होंने 49/- रुपये का किया था 50/- रुपये यानि एक रुपया बढ़ाया, यह रिकॉर्ड की बात है (विघ्न) 1983-84 में एक रुपया बढ़ा, 1984-85 में एक रुपया बढ़ा, 1985-86 में सिर्फ 3/-रुपये बढ़े यानि 24/-रुपये से 27/-रुपये हुआ। 1987-88 में 27/-रुपये से 28/-रुपये किया यानि एक रुपया बढ़ाया। 1987-88 में 28/-रुपये से 32/-रुपये किया यानि चार रुपये बढ़ाया। हमारी सरकार ने 1999-2000 आने के बाद जो भाव दिया है वह भी बताता हूँ। हमारी सरकार ने 110/-रुपये का भाव दिया जो कि पूरे हिन्दुस्तान में सर्वोत्तम है। (विघ्न) हमने एक बार में ही 15/-रुपये का भाव बढ़ाया। (विघ्न एवं शोर)

श्री ओम प्रकाश चौटाला : अध्यक्ष महोदय, चौधरी भजन लाल जी को यह पता ही नहीं कि 1998 में मुख्यमंत्री कौन था। (विघ्न) 1998 में तो चौधरी बंसी लाल जी मुख्यमंत्री थे, इनको तो श्रीमती इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी जी के मरने के समय का भी ज्ञान नहीं था। पिछले सैशन में इन्होंने सदन में गलत समय बताया था। चौधरी भजन लाल जी, 1998 में आप मुख्यमंत्री नहीं थे चौधरी बंसी लाल जी मुख्य मंत्री थे, आप थोड़ा सा ध्यान रखा करें। (विघ्न)

मुख्य संसदीय सचिव (श्री राम पाल माजरा) : 1980-81 में 23/- रुपये का भाव था जो 1981-82 में 22/- रुपये हुआ था यानि एक रुपया घटाया था।

श्री जितेन्द्र सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहूँगा कि गन्ना उत्पादकों की जो बकाया राशि है वह अभी तक दी जानी है। साथ ही वहां पर क्रेन के ऊपर जो गन्ना तोला जाता है, शूगर मिलों की रिकवरी बढ़ाने के लिए उसकी परसैंटेज को घटाया जाता है, यह मेरी जानकारी के अन्दर आई थी इसलिए सरकार से मेरा निवेदन है कि सरकार इस बात की तरफ ध्यान दे। किसानों को वहां पर दोहरी मार दी जाती है, वहां जो गन्ना क्रेन में तोला जाता है सुनने में यहां तक बात आई है कि 10-10 परसैंट तक किसानों को घाटा होता है। वहां की मैनेजमैंट क्रेन के अन्दर कम तोल दिखाकर हेराफेरी करती है। दूसरे सरकार विधान सभा सत्र पास

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री जितेन्द्र सिंह मलिक]

आने पर किसानों की बकाया राशि देने में बहुत तेजी दिखाती है। अगर वैसे ही सरकार हमेशा ही गन्ना उत्पादक किसानों की अमाउन्ट तुरन्त देने में उतावलापन दिखाए ताकि किसान अपने अमाउन्ट को आने वाली फसल में और अपने घरेलू कार्यक्रमों में इस्तेमाल कर सके।

सरदार जसविन्द्र सिंह सन्धू : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो शंका जाहिर की है और उनके ध्यान में ऐसी बात आई है कि गन्ने के तोल में कुछ फर्क किया जाता है तो मैं इनसे यह कहना चाहूँगा कि ऐसी बात नहीं है। (विघ्न) स्पीकर सर, सभी शूगर मिलों में कम्प्यूटराईजड कंडे लगे हुए हैं, फिर भी हमने इस बात का प्रावधान किया हुआ है कि अगर कोई किसान कहे कि मेरे गन्ने का तोल कम है ठीक नहीं है तो वह बाहर से दोबारा अपनी ट्राली को तुलवा सकता है। स्पीकर सर, मगर इस किस्म की किसी भी किसान की कोई शिकायत हमारे पास नहीं पहुंची है। इनकी यह बात बिल्कुल ठीक नहीं है। (विघ्न) **(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए।)**

श्री उपाध्यक्ष : जय प्रकाश जी, आप अपनी सीट पर बैठिए।

श्री धर्मबीर सिंह : डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से 2-3 बातें कहना चाहूंगा क्योंकि आज प्रदेश का किसान जो खास करके गन्ना बोता है उसको काफी समय से पेमेन्ट नहीं हुई है। जिसकी वजह से वे अपना घर-परिवार नहीं चला पा रहे हैं। इसके अलावा दूसरा कोई साधन उन किसानों के पास नहीं है। चुनाव से पहले इस सरकार के आने से पहले चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने यह कहा था कि मैं ब्याज समेत किसानों के गन्ने की राशि दूंगा। मैं इनसे यह कहना चाहूँगा कि ब्याज समेत तो क्या उनको उनकी राशि भी नहीं मिली है। मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री जी ने आज घोषणा की है कि हम इस महीने के आखिर में किसानों का पैसा दे देंगे। उपाध्यक्ष महोदय, आज भी किसान शूगर मिलों के सामने धरने पर बैठे हुए हैं।

श्री उपाध्यक्ष : धर्मबीर जी, आप बैठें।

श्री धर्मबीर सिंह : सर, मैं एक मिनट और लूंगा।

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठें। आप धक्का न चलाओ।

श्री धर्मबीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं धक्का कहां कर रहा हूँ?

श्री उपाध्यक्ष : धर्मबीर जी, पांच को अलाउ होता है और वे बोल चुके हैं लेकिन मैंने फिर भी आपको बोलने का मौका दिया है। (विघ्न) ठीक है आप एक मिनट में अपनी बात खत्म करो।

श्री धर्मबीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि जिस प्रकार से गन्ना उत्पादकों के नजदीक गन्ना मिलें लगाई हैं, कृपया करके ********* ।

श्री उपाध्यक्ष : धर्मबीर जी ने जो यूनिवर्सिटी वाली बात कही है वह रिकॉर्ड न की जाए। (शोर एवं व्यवधान)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

वाक-आउट

श्री धर्मबीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी के जवाब से सन्तुष्ट नहीं हूँ इसलिए मैं ऐज-ए प्रोटैस्ट वाक-आउट करता हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० जय प्रकाश : उपाध्यक्ष महोदय, मैं भी मंत्री जी के जवाब से सन्तुष्ट नहीं हूँ इसलिए मैं ऐज-ए प्रोटैस्ट वाक-आउट करता हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

(इस समय इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सदस्य श्री धर्मबीर सिंह और श्री जय प्रकाश बरवाला सदन से वाक-आउट कर गए।)

वक्तव्य—

कृषि मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण संबंधी (पुनरारम्भ)

श्री उपाध्यक्ष : भजन लाल जी, आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान) चौधरी भजन लाल जी यह कोई आपका तरीका नहीं है बात करने का। (शोर एवं व्यवधान) हुड्डा साहब, इनको समझाएं, इनका यह क्या तरीका है। भजन लाल जी आप अपनी सीट पर बैठें। (शोर एवं व्यवधान) भजन लाल जी, आप बिना इजाजत के बोल रहे हैं। यह क्या तरीका है। (शोर एवं व्यवधान)

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश चौटाला) : आपकी समझ में फिर यह बात नहीं आ रही है। एस०ए०पी० केन्द्र सरकार की तरफ से निर्धारित मूल्य जो हैं वह 69.50 पैसा है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : जय प्रकाश जी आप अपनी सीट पर बैठें। आप इस तरह से बीच में न बोलें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री ओम प्रकाश चौटाला : उपाध्यक्ष महोदय, 69.50 पैसा एस०ए०पी० केन्द्र सरकार की तरफ से है। हरियाणा प्रदेश की सरकार उसी किसान को 110 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से दे रही है। आप इस अन्तर को समझकर ही यहां पर बात करें। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : यह रेट भी 1996 में मैंने ही दिए थे।

श्री उपाध्यक्ष : चौधरी भजन लाल जी, आप बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) आप अपनी सीट पर बैठें। (शोर एवं व्यवधान) आपका यह कोई तरीका है। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : आपका क्या तरीका है इस हाउस को चलाने का। आप मुझे मेरी बात कहने दें।

श्री उपाध्यक्ष : आपका यह कोई तरीका नहीं है। आप जब मर्जी आए बोलने के लिए खड़े हो जाते हैं। आप परमिशन लेकर बोलने के लिए उठा करें। आप बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) I am on foot आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : हाउस में बोलने का हमारा अधिकार है। हम अपनी बात हाउस में बोल सकते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) मेरी परमिशन के बगैर जो भी बोला जाए वह कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया जाए। (शोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लाल : **********।

श्री उपाध्यक्ष : मैं आपके रहमोकर्म पर नहीं हूँ। (शोर एवं व्यवधान) आपका यह कोई तरीका नहीं है। आप जब मर्जी आए बोलने के लिए खड़े हो जाते हैं।

चौधरी भजन लाल : **********।

श्री उपाध्यक्ष : आप पहले चेयर से इजाजत लें, फिर बोलें। (शोर एवं व्यवधान) बैठिए-बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) चौधरी भजन लाल जी, आप इजाजत लेकर हाउस में बोलेंगे।

चौधरी भजन लाल : **********।

श्री उपाध्यक्ष : आप बिना इजाजत के जो भी बोल रहे हैं वह कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो रहा है और न होगा। (शोर एवं व्यवधान) आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। कृष्ण पाल जी आप बोलिए।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। अभी माननीय धर्मबीर सिंह ने कहा कि एन०डी०ए० की सरकार किसान विरोधी है। मैं धर्मबीर सिंह को बताना चाहूँगा कि किसान विरोधी एन०डी०ए० की सरकार नहीं है बल्कि किसान विरोधी कांग्रेस पार्टी है। उपाध्यक्ष महोदय, इस देश का इतिहास कहता है और भजनलाल जी, आपका भी इतिहास यही बताता है कि जब किसान बिजली मांगता था, पानी मांगता था तो भजनलाल जी बदले में उनको गोलियां देते थे। (शेम-शेम) उपाध्यक्ष महोदय, यह एन०डी०ए० की सरकार ही है जिसने गेंहू के रेट एकमुश्त 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए हैं। कांग्रेस की सरकार इस देश में 45 सालों तक रही भजनलाल जी, बता दें कि इन्होंने कितने दाम बढ़ाए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : आप यह भी बता दें कि डीजल का भाव, खाद का भाव कितना बढ़ाया है। (शोर एवं व्यवधान)

चौ० भजन लाल : उपाध्यक्ष महोदय, इन्होंने कांग्रेस पार्टी का नाम लिया है इसलिए आप मेरी बात तो सुनें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप सभी बैठिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री कृष्ण पाल गुर्जर : उपाध्यक्ष महोदय, आप इनसे कहिए कि ये मेरी बात सुनें। उपाध्यक्ष महोदय, यह अटल जी के नेतृत्व में एन०डी०ए० की ही सरकार है जिसने किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा योजना जैसी स्कीम्ज इस देश के किसानों को दी हैं। पहले जहां किसान कर्जे पर 18 फीसदी या 14 फीसदी ब्याज देता था वहीं एन०डी०ए० की सरकार ने उसको साढ़े नौ प्रतिशत पर कर दिया है। अगर कभी कांग्रेस पार्टी ने ऐसा किया हो तो बता दें इसलिए कांग्रेस की सरकार किसान विरोधी रही है। (शोर एवं व्यवधान)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव —

हरियाणा में एड्स के फैलने संबंधी

Mr. Deputy Speaker : Hon'ble Members, I have received a Calling Attention Motion from Shri Rajinder Singh Bisla, M.L.A. regarding HIV/AIDS disease, which is spreading throughout the world very speedily. I admit it. Shri Malik Chand Gambhir, M.L.A. has also given a Calling Attention Notice on the similar subject. He can raise supplementary. Shri Rajinder Singh Bisla, M.L.A. may read his notice.

चौधरी भजन लाल : उपाध्यक्ष महोदय, इन्होंने कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर बोला है इसलिए मैं इनको बताना चाहूँगा कि कांग्रेस की सरकार गन्ने का भाव 110 रुपये प्रति क्विंटल छोड़कर गयी थी। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : भजन लाल जी, आप बैठिए। धर्मबीर जी, आप भी बैठिए। (शोर एवं व्यवधान) अब राजेन्द्र सिंह बिसला अपना नोटिस पढ़ें।

Shri Rajinder Singh Bisla : I want to draw the attention of this august House towards a matter of urgent public importance that disease of HIV/AIDS which is very dangerous disease which can not be cured easily. This disease is spreading throughout the world very speedily near about 40 millions people are affected by HIV/AIDS. In the 1990 there were few cases of HIV but in the year 2001 this has increased up to 3.8 million in India.

In the year 1989 the first case of HIV was observed in Rohtak District in Village Bohar. But according to the reports of PGI Rohtak this has increased up to 279 cases amongst which 19 people were died. Now the approximate number of HIV affected people are about 40,000 which comes out 2000 cases per district in Haryana State.

I request the Government to make a statement regarding the awareness programmes to stop the spread of diseases on the floor of the House.

उपाध्यक्ष महोदय, यह जो एच०आई०वी० और एड्स की भयंकर बीमारी है यह कैसे फैलती है इस बारे में मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा।

How is HIV/AIDS transmitted?

1. Unprotected sexual intercourse with infected person.
2. Transmission through infected blood and blood products.
   (i) Blood/blood products transfusion.
   (ii) Sharing of infected needles and syringes.
3. Transmission from infected mother to new born.

यह जो एच०आई०वी० और एड्स की भयंकर चुनौती है इसको राष्ट्रीय स्तर पर और विश्व स्तर पर बहुत ही गंभीरता के साथ लिया गया है और इस विषय की गंभीरता को, चुनौती को स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 26 और 27 जुलाई, 2003 को National Convention of Elected

[श्री राजिन्द्र सिंह बिसला]

